सुविचार
भीड़ हौसला तो देती हैं लेकिन पहचान छीन लेती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 08 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 111 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
प्रेग्नेंसी में उड़ी इलियाना की रातों की नींद

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,054.29 |
| निफ्टी | : | 18,069.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,795 |
| चांदी | : | 82.04 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### पुलवामा में 5 किलो आईईडी के साथ आतंकियों का मददगार अरेस्ट

**PULWAMA :** पुलवामा से सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने उसके कब्जे से 5 किलो की एक आईईडी भी बरामद की है। कश्मीर पुलिस ने एक ट्वीट में कहा कि गिरफ्तार ओवर ग्राउंड वर्कर पुलवामा जिले के अरिगाम का रहने वाला इश्फाक अहमद वानी है। पुलवामा पुलिस ने सेना के साथ मिलकर इलाके में तलाशी अभियान के दौरान उसे गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सुरक्षाबलों ने लगभग 5-6 किलोग्राम की एक आईईडी बरामद की है। पुलिस ने वर्कर को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### लोहरदगा में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**LOHARDAGA :** लोहरदगा जिले के कुड़ू थाना क्षेत्र में पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के इशारे पर शनिवार रात बड़ी वारदात करने पहुंचे तीन हार्डकोर उग्रवादियों को कुड़ू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने आज सुबह इसकी पुष्टि की । उन्होंने बताया कि यह हथियारबंद हार्डकोर उग्रवादी प्लसर मोटरसाइकिल से कुड़ू आए थे। एक मुखबिर ने जैसे ही यह सूचना एसपी आर रामकुमार को दी, उन्होंने फौरन अलर्ट किया। इसके बाद सामान्य लिबास में जवानों को तैनात कर किया गया। कुड़ू ब्लॉक मोड़ के पास तीनों को दबोच लिया गया। इनके बाद दो हथियार मिले हैं। कुड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि इनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब एरिया कमांडर कृष्णा यादव की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### झारखंड में नीट की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**RANCHI :** राज्य में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से रविवार को संपन्न हो गया। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर टफ नहीं था। कोई भी प्रश्न सिलेबस से बाहर नहीं आया था। नीट के लिए रांची में 10, धनबाद में छह, जमशेदपुर में पांच, देवघर में दो और कोडरमा में एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा ली गयी। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम के 5:20 तक चली। रिपोर्टिंग टाइम 11 बजे से था। दोपहर 1:30 बजे के बाद रिपोर्टिंग की अनुमति नहीं दी गई। परीक्षा में प्रवेश के लिए एडमिट कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य था।

### झारखंड में धीरे-धीरे बढ़ने लगी तपिश

**RANCHI :** झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों से मिल रही गर्मी से राहत और मौसम में ठंडक में धीरे-धीरे खत्म होगी। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में गर्मी लोगों को फिर परेशान करेगी। अगले तीन-चार दिनों में राज्य के तापमान में चार से पाचं डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक 10 मई तक कई जिलों का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा। राज्य के तापमान में बढ़ोतरी शुक्रवार से ही देखी जा रही।



## जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल ने सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की

**देवघर : जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सपरिवार रविवार को बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर उन्हें वीआइपी गेट से सीधे गर्भगृह में प्रवेश कराया गया, यहां उनके पुश्तैनी पंडा ललन मिश्रा ने विधिवत संकल्प कराया और पांच वैदिकों ने षोडशोपचार विधि से उन्हें बाबा भोले का पूजन कराया। मंदिर में पूजा-अर्चना करने बाद प्रशासनिक भवन में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने उन्हें बाबा भोले के शिवलिंग की तस्वीर, शिवलिंग का प्रतीक चिन्ह, बैजनाथ की पेंटिंग, बाबा भोले पर चढ़ी हुई चादर, बाबा भोलेनाथ का प्रसाद भेंट किया। इससे पूर्व चार्टर प्लेन से देवघर एयरपोर्ट पहुंचे राज्यपाल का उपायुक्त मंत्रूनाथ भजंत्री व देवघर के प्रभारी एसपी नाथू सिंह मीना ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एयरपोर्ट से वे सड़क मार्ग से सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।**

# जेल से ED ऑफिस लाए गए रांची के पूर्व DC छवि रंजन

## शुरू हुई पूछताछ, छह दिनों तक देंगे सवालों के जवाब

**CRIME REPORTER RANCHI :** ईडी के द्वारा रिमांड में लिए जाने के बाद रविवार को आइएएस छवि रंजन को प्रवर्तन निदेशालय के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में लाया गया। ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। ईडी ने उन्हें हिरासत में लेते हुए शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में हाजिर किया था। जिसके बाद पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें छह दिनों की रिमांड में भेज दिया। दरअसल आइएएस छवि रंजन पर गलत तरीके से आर्मी की जमीन बेचने में सहयोग करने का आरोप है। ईडी की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें शनिवार की देर शाम निलंबित भी कर दिया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से इस बाबत आदेश भी जारी कर दिया गया है।

**छह दिनों तक होगी पूछताछ**

रिमांड में लिए जाने के पहले भी ईडी आइएएस छवि रंजन से पूछताछ कर चुकी है। यह पूछताछ सेना के कब्जे वाली भूमि और अन्य विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री में भ्रष्टाचार करने के आरोप से जुड़ा हुआ है। बता दें कि अदालत में पेश करते हुए ईडी ने कोर्ट से 10 दिनों की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड ही ग्रांट की। ईडी शनिवार तक आइएएस छवि रंजन से सवाल-जवाब करेगी।

### छवि रंजन के सामने बैठाकर 4 लोगों से आज होगी पूछताछ

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही है। इस मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन के सामने बैठा कर ईडी सोमवार को आरोपी राजेश राय, लखन सिंह, भरत प्रसाद और विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। ताकि कोई अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज न कर पाए। दूसरी तरफ प्रदीप बागची से सेना के कब्जे वाली जमीन खरीदने वाले जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को भी ईडी ने 10 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रदीप बागची ने रांची नगर निगम से फर्जी होल्डिंग नंबर लेकर महज सात करोड़ में ही यह जमीन दिलीप घोष को बेच दी थी।

**छवि रंजन के लिए गोवा ट्रिप का इंतजाम किया गया था :** इधर, छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी छह दिनों की रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। ईडी की अब तक की जांच में एजेंसी ने दावा किया है कि वर्ष 2020-2022 के दौरान रांची के डीसी के रूप में छवि रंजन ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया।

# RUSSIA का UKRAINE पर फॉस्फोरस बम से अटैक

## अब तक का सबसे बड़ा हमला

**AGENCY KYIV :** महायुद्ध के बीच रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। यूक्रेन ने रूस पर अपने शहर बखमुत पर फॉस्फोरस बम से हमला करने का आरोप लगाया है। यूक्रेनी सेना द्वारा साझा किए एक ड्रोन फुटेज में देखा जा सकता है कि शहर के ऊपर फास्फोरस की बारिश हो रही है। पूरे शहर को आग में जलते हुए देखा जा सकता है। यहां आपको बता दें कि सफेद फास्फोरस हथियारों पर प्रतिबंध नहीं है, लेकिन नागरिक क्षेत्रों में इनका उपयोग युद्ध अपराध माना जाता है, क्योंकि ये तेजी से फैलते हैं और इन्हें बुझाना बहुत मुश्किल होता है। रूस पर पहले भी इनके इस्तेमाल के आरोप लगते रहे हैं।

एक साल से भी ज्यादा वक्त से रूस और यूक्रेन के बीच महायुद्ध चल रहा है। लाखों लाशों और अरबों की संपदा बर्बाद होने के बावजूद फैसला आना बाकी है। इस बीच संदिग्ध रणनीतिक महत्व के बावजूद रूस महीनों से यूक्रेन के बखमुत शहर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। पश्चिमी अधिकारियों ने अनुमान लगाया है कि बखमुख शहर को पाने की चाह में रूस अपने हजारों सैनिकों की कुबार्नी दे चुका है। इस बीच रूस ने बखमुख शहर पर रूस ने फॉस्फोरस बम गिराए हैं। इस दृश्य को यूक्रेन रक्षा मंत्रालय ने अपने ट्विटर अकाउंट में पोस्ट किया है। आपकों बता दें कि सफेद फास्फोरस एक मोम जैसा पदार्थ है जो 800 सेंटीग्रेट पर जलता है और ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर और तेज हो जाता है।

**दिल दहला देने वाला वीडियो**

ट्विटर पर लिखते हुए, यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हमले ने आग लगाने वाले गोला-बारूद के साथ बखमुत के निर्जन क्षेत्रों को लक्षित किया। यह हमला कब हुआ है, इसकी स्पष्ट जानकारी तो यूक्रेन ने नहीं दी लेकिन, वीडियो फुटेज से प्रतीत होता है कि रूस के फॉस्फोरस अटैक से बखमुत शहर की ऊंची इमारतें आग से जल रही हैं। युद्ध की शुरूआत में मारियुपोल की घेराबंदी के दौरान रूस पर यूक्रेन में सफेद फास्फोरस का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि मास्को ने सार्वजनिक रूप से पदार्थ का उपयोग करने के लिए कभी स्वीकार नहीं किया है। पिछले साल क्रेमलिन प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने जोर देकर कहा कि रूस ने कभी भी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का उल्लंघन नहीं किया है जबकि यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि इसका इस्तेमाल किया गया था।

# जान लें विरोधी, श्री वेंकटेश स्वामी से मिली है विष पीने की ताकत : PM

## कर्नाटक चुनाव प्रचार की आखिरी सभा में गरजे मोदी, किया रोड शो

**AGENCY BENGALURU :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार में पीएम मोदी के कैंपेन का रविवार को आखिरी दिन था। पीएम ने रविवार सुबह बेंगलुरु में एक 8 किमी का रोड शो निकाला। उसके बाद उन्होंने शिवमोगा रूरल और फिर नंजनगुड़ में दो रैलियों को संबोधित किया। मैसूर के नंजनगुड़ में अपनी आखिरी सभा में पीएम ने यहां के प्रसिद्ध श्रीवेंकंटेश्वर स्वामी मंदिर का जिक्र किया और कहा कि भगवान का उन पर आशीर्वाद बना हुआ है। यही वजह रही कि विरोधियों ने उन्हें इस चुनाव प्रचार में जितनी भी गाली दी उसे सहने की उन्हें शक्ति मिली।

प्रधानमंत्री ने खड़गे के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उनकी तुलना सांप से की गई थी। पीएम ने कहा- इस बार विरोधियों ने उन्हें सांप तक कह डाला लेकिन उन्हें नहीं पता कि मुझे श्रीवेंकंटेश्वर स्वामी से विष पीने की ताकत मिली है। रात 7:30 पर पीएम मोदी मैसूर के प्रसिद्ध श्री श्रीवेंकंटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीकंटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना कर चुनाव प्रचार खत्म किया।

**हमारी पुरातन संस्कृति व विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में जुटी है भाजपा**

नंजनगुड़ से पहले पीएम मोदी ने शिवमोगा में एक रैली को भी संबोधित किया। यहां पीएम ने कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति का जवाब देते हुए कहा - बीजेपी सरकार हमारी पुरातन संस्कृति को, विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पूरी ईमानदारी से जुटी है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने इसमें भी तुष्टिकरण की ही राजनीति की। कांग्रेस ने हमारी आस्था, आध्यात्म के हर प्रतीक को या तो बेहाल छोड़ा या फिर उनको विवादों में रहने दिया।

**सुबह पीएम मोदी ने निकाला था रोड शो**

कर्नाटक चुनाव प्रचार में अपने आखिरी कैंपेन की शुरूआत पीएम ने रविवार सुबह एक रोड शो के साथ की थी। पीएम ने बाद में बताया भी कि उन्होंने रोड शो सुबह इसलिए किया था कि वहां नीट का एग्जॉम होना था। परीक्षा देने वाले कैंडीडेट को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए उन्होंने रोड शो सुबह निकाला। बता दें ये रोड शो 8 किमी का था।



कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतिम रोड शो में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते पीएम ● एजेंसी

### 10 मई को मतदान, 13 मई को होगी मतगणना

कर्नाटक में 10 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 13 मई को होगी। कर्नाटक में सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच है। तीसरी ताकत जेडीएस की चिंता छोटे-दलों ने बढ़ा दी है। ये दल इन तीनों दलों के चुनावी प्रचार को खासा प्रभावित कर रहे हैं। उधर, कर्नाटक चुनाव में वोटिंग डेट नजदीक आते ही लिंगायत समुदाय एक्टिव हो गया है। वीरशैव लिंगायत फोरम ने 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपना समर्थन देने के लिए एक आधिकारिक पत्र जारी किया। फोरम ने लिंगायत समुदाय के लोगों से कांग्रेस को वोट देने की बात कही है।

## 2024 की गणतंत्र दिवस परेड में केवल महिलाएं शामिल होंगीं

# बैंड से झांकियों तक दिखेगा WOMEN पावर, रक्षा मंत्रालय ने ARMED FORCES को लिखी चिट्ठी

**AGENCY NEW DELHI :** 26 जनवरी 2024 को कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में सिर्फ महिलाओं को शामिल किया जाएगा। परेड के अलावा मार्चिंग दस्ता, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सिर्फ महिलाएं ही नजर आएंगीं। रक्षा मंत्रालय ने मिलिट्री फोर्सेस और परेड में शामिल होने वाले अन्य विभागों को चिट्ठी लिखकर इसकी जानकारी दी है। केंद्र सरकार ने पिछले कुछ साल में आर्म्ड फोर्सेस में जेंडर इक्वैलिटी को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को कमान देने और भविष्य की लीडरशिप के लिए उन्हें तैयार करने के मकसद से कई बड़े फैसले लिए हैं। पिछले महीने 29 अप्रैल को पांच महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल किया गया है। इन्हें पाकिस्तान और चीन की सीमा पर नियुक्त किया गया है।

**7 फरवरी की बैठक में लिया गया था फैसला :** गणतंत्र दिवस परेड में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का फैसला 7 फरवरी को हुई डी-ब्रीफिंग बैठक में लिया गया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, गृह मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस परेड 2024 में कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान होने वाली टुकड़ियों (मार्चिंग और बैंड), झांकी और अन्य प्रदर्शनों में केवल महिला प्रतिभागी शामिल होंगीं। मार्च में रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में लेटर भी भेजा था। ज्ञात हो कि पहला गणतंत्र दिवस समारोह 1950 में इरविन स्टेडियम (अब मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम) में आयोजित किया गया था।



यह तस्वीर गणतंत्र दिवस परेड 2023 की है जिसमें एयरफोर्स की महिला टुकड़ी नजर आ रही है।

### 2023 की परेड में नारी शक्ति थीम थी

भारत ने इस साल 26 जनवरी 2023 को आयोजित 74वें गणतंत्र दिवस परेड में केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और त्रिपुरा की झांकी में 'नारी शक्ति' प्रमुख थीम रखी थी। पहली बार नौसेना की टुकड़ी के 144 सेलर्स का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कमांडर दिशा अमृत ने किया। 3 महिला और 6 पुरुष अग्निवीर पहली बार कर्तव्य पथ पर नजर आए थे। भारतीय सेना के अनुसार कर्नल गीता राणा हाल ही में चीन की सीमा से लगे संवेदनशील लद्दाख क्षेत्र में एक यूनिट की कमान संभालने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बनी हैं। इसके अलावा, सेना ने पहली बार किसी महिला अधिकारी कैप्टन शिवा चौहान को इसी साल दुनिया के सबसे ऊंचे और ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन में तैनात किया है। सेना ने सूडान में अबेई के विवादित क्षेत्र में 27 महिला शांति सैनिकों की अपनी सबसे बड़ी टुकड़ी भी तैनात की है।

# भारतीय सीमा में उड़ता रहा पाक एयरलाइंस का विमान

## 10 मिनट तक लगाता रहा चक्कर

**AGENCY NEW DELHI :** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का एक विमान पीके 248 भारतीय सीमा में उड़ान भरता रहा। करीब 10 मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने के बाद वो वापस लौटा। इस दौरान विमान ने भारतीय क्षेत्र में करीब 120 किलोमीटर की उड़ान भरी। दरअसल, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस विमान तेज बारिश के कारण रास्ता भटक गया था, और भारतीय सीमा में घुस आया।

गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण पीआईए का यह विमान लाहौर हवाई अड्डे पर उतरने में विफल रहा। जिसके बाद वो करीब 10 मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ान भरता रहा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मस्कट से चार मई को रात आठ बजे लौटा पीआईए का विमान पीके 248 भारी बारिश के कारण लाहौर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नहीं उतर सका।

**रास्ता भटक गया था विमान**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक हवाई यातायात नियंत्रक के निर्देश पर पायलट ने आसपास उड़ान भरना जारी रखा और इस दौरान भारी बारिश तथा कम ऊंचाई के कारण वह रास्ता भटक गया। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान 13500 फुट की ऊंचाई पर उड़ते हुए बधाना पुलिस थाने से भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया। भारत के पंजाब के तरनतारन और रसूलपुर शहर से 40 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद विमान वापस लौटा। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद विमान ने मुल्तान के लिए उड़ान भरी। हालांकि उससे पहले विमान ने करीब दस मिनट तक भारतीय क्षेत्र में कुल 120 किलोमीटर की उड़ान भरी। बताया जा रहा है कि भारी बारिश और कम ऊंचाई के कारण विमान रास्ता भटक कर भारतीय क्षेत्र में आ गया था।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Monday, 08 May 2023

मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने होटल सिटी पैलेस में मीडिया को किया संबोधित

# BUREAUCRATS और सरकार झारखंड को लुटवाने पर आमादा

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखण्ड राज्य झारखंडियों के शहादत और बलिदान से मिला है। झारखंड राज्य बनाने का उद्देश्य झारखंडियों व राज्य का विकास करना मुल उद्देश्य था। लेकिन राज्य बनने के बाद झारखंड को भ्रष्टाचारियों, लुटेरों, और दलालों के हवाले कर दिया गया और विकास के जगह विनाश होता रहा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने आज होटल सिटी पैलेस में एक संवाददाता सम्मेलन में कही।

मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान जन जातियों के हक को सुनने का काम होने लगा। अधिकारी अपने काला कमाई को जमीन में इन्वेस्ट कर रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि जमीन संबंधित सभी नियम कानून को ताक में रखकर अधिकारी माफियाओं के साथ गठजोड़ कर मूलवासी शदान और आदिवासियों के भूमि पर नजर कराने लगे जिसका परिणाम सेना के भूमि तक को बेच दिया गया। उन्होंने कहा इस कार्य में सरकार की भी संलिप्तता रही है।




संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बात करते केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद। ● द फोटोन न्यूज

सरकार में बैठे लोगों की कमजोरी और इच्छाशक्ति के कमी के कारण ही ब्यूरोक्रेट्स बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने कहा सरकार की मिलीभगत के बिना ब्यूरोक्रेट्स लूट को अंजाम नहीं दे सकते हैं। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं लेकिन जो राज्य में हो रहा है उसकी जिम्मेदारी उन्हीं की बनती है। प्रसाद ने कहा जब तक राज्य में एक ईमानदार और झारखंड को की अधिकार की रक्षा करने वाले इच्छाशक्ति वाले मुख्यमंत्री राज्य में नहीं बनेगा तब तक झारखंड का दुर्दशा होते रहेगा। प्रसाद ने कहा मुख्यमंत्री अपना भूल सुधार करें और जो भी आईएएस लूट- खसोट और भ्रष्टाचार शामिल हैं। उन को बर्खास्त करने के लिए मुख्यमंत्री केंद्र सरकार को तुरंत अनुशंसा भेजें। प्रसाद ने यह भी कहा कि जांच करने के बाद आयुक्त के द्वारा उपायुक्त के ऊपर करवाई करने की अनुशंसा की राज्य सरकार से करती है और इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

उन्होंने कहा कि ईडी इसकी भी जांच करे कि सरकार में बैठे किन लोगों के कारण उपायुक्त पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। उठळ ़३ र३ ़३ होते हुए भी आदिवासियों और मूलवासी सदानों की जमीन को लूटी गई और कब्जा किया गया। नियम के तहत कब्जा की गई जमीन को वापस सरकार कराए। प्रसाद ने कहा कि जिन अधिकारियों और दलालों ने सेना की जमीन को बेची है उसके ऊपर देशद्रोही का मुकदमा दर्ज हो और उन्हें राज्य से बाहर तड़ीपार करने की मांग की है।

प्रसाद ने सरकार से जमीन का रिकॉर्ड ऑफ राइट्स बनाने की मांग की। नियोजन नीति पर बोले राजेन्द्र प्रसाद सरकार को 1932 और 1964 के खतियान आधारित नियोजन नीति नहीं बना पा रही है, तब तक 3 मार्च 1982 के संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति को ही झारखंड में लागू करे जो खतियान आधारित है। सरकार झारखण्डियों को गुमराह ना करे। प्रसाद ने कहा कि जब तक कोई ऐसा व्यक्ति राज्य का मुख्यमंत्री नहीं बन जाता है जो जाति धर्म परिवार और व्यक्तिगत हित से उठकर झारखंड के मूल निवासियों के हित की बात सोची तब तक झारखंड का कल्याण नहीं हो सकता। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा का गठन इसी उद्देश्य के लिए किया गया है। उन्होंने मूलवासियों को एक मंच पर आकर राज्य को बचाने का आह्वान किया।

मुकुल नायक ने कहा हक अधिकार से हम झारखंडी बेदखल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद झारखण्ड और झारखंडियों के अधिकारों के लिए सजग प्रहरी का काम कर रहा हैं। मधु मंसूरी ने कहा झारखंड राज्य में जमीन का लूट खनन का लूट रोजगार का लूट मचा हुआ है अब इसे हम बर्दाश्त नहीं करेगें। संवाददाता सम्मेलन है महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह हरीश ठाकुर भी उपस्थित थे।

## LALAN SINGH के टास्क की समीक्षा करने RANCHI पहुंचे झारखंड जदयू प्रभारी

**PHOTON NEWS RANCHI**

बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी रविवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जेडीयू प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कुछ टास्क दिया है, उसकी समीक्षा करने के लिए रांची पहुंचे हैं।

पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक होनी है। इसमें झारखंड जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो और पार्टी के लोगों के साथ समीक्षा करेंगे। इसके बाद जिलों का दौरा करेंगे। अशोक चौधरी ने कहा कि उनके साथ पार्टी के सह प्रभारी और बांका के विधायक मनोज यादव भी आये है सह प्रभारी विजय सिंह का आगमन सोमवार को होगा। एयरपोर्ट पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद थे।



जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

विपक्षी एकता पर अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार देश भर में विपक्षी दलों को गोलबंद करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि विपक्षी एकता को लेकर बात बन जायेगी।

2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा के चुनाव को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि विपक्षी एकता में सभी लोग शामिल होंगे तो मिलजुल कर चुनाव लड़ेंगे। हमारे नेता नीतीश कुमार की भी इच्छा है कि देश में विपक्षी एकता बने। खासकर बिहार से सटे इलाके झारखंड, बंगाल, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश में संगठित होने की जरूरत है। इसके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है. हमारे नेता को समर्थन भी मिल रहा है।

झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि प्रभारी अशोक चौधरी कोर कमेटी के सदस्यों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा का समापन

## सभी धर्मों का आधार और संरक्षक है सरना धर्म : विधायक जिगा सुसारन होरो

**PHOTON NEWS KHUNTI**

मुरहू में सरना धर्म सोतो समिति के केंद्र डौगड़ा के 13वें स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा रविवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा और धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल पर भगवान सिंगबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



प्रार्थना करते विधायक जिगा सुसारन होरो व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

समारोह में मुख्य अथिति के तौर पर सिसई के विधायक जिगा सुसारन होरो और विशिष्ट अथिति राजी पड़हा सरना प्राथना सभा के महासचिव रवि तिग्गा व जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है। यह सभी धर्मों का आधार और संरक्षका है।

सरना धर्म का अपनी धार्मिक विधि-विधान, बहुमूल्य जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श है, जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था है, लेकिन राजनीतिक महत्वाकांक्षा के कारण सरकारें सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है। सरना धर्म कोड के अभाव से न केवल आदिवासियों की धार्मिक एवं सामाजिक एकता टूटी है, बल्कि हम धर्मांतरण जैसी पीड़ा वर्षों से झेलने को मजबूर हैं। धर्मांतरण के कारण आदिवासियों के धार्मिक तथा सामाजिक व्यवस्था कमजोर हो रही है और हमारा अस्तित्व व अस्मिता विलुप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरना, जायर, देशाउलि, मसना, जतरा स्थल नष्ट किया जा रहा है। हम सरकार से मांग करते हैं कि आदिवासी समाज एवं संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए आदिवासी अधिकार सख्ती से लागू हो।

## यौन शोषण के आरोप पर मंत्री लालचंद को पंजाब सरकार करे बर्खास्त : भाजपा

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से पंजाब सरकार में मंत्री लालचंद कटारुचक को एक दलित युवक के यौन शोषण के आरोप में भेजे नोटिस का मुद्दा उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की।



शहजाद जय हिंद की फाईल फोटो।

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद जय हिंद ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय आयोग ने अनुसूचित जाति समुदाय के युवा का यौन शोषण करने के लिए राज्य में मंत्री पद पर तैनात लाल चंद कटारूचक के खिलाफ पंजाब सरकार और डीजीपी को नोटिस जारी किया है। पीड़ित ने कैमरे के सामने आकर कहा कि नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ यौन दुराचार किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा लाल चंद कटारुचक को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग करती है। वहीं हम जानना चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के नोटिस के बावजूद केजरीवाल और मान इस मंत्री को क्यों बचा रहे हैं?

इसके अलावा भाजपा नेता ने कहा कि हम स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं, न कि जोड़-तोड़ वाली जांच की। हम पीड़ित की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उसकी सुरक्षा की मांग करते हैं।

## पहलवानों के समर्थन में आयीं झारखंड CONGRESS की महिला नेता आभा सिन्हा, पीएम मोदी से की ये मांग

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड कांग्रेस की महिला नेता ने कहा कि शासक का कानून इन सेनानियों की गरिमा पर कब्जा नहीं कर सकता. उन्होंने कहा, आप उन पर हमला कर सकते हैं, उनके हौसले को नहीं तोड़ सकते. लड़ाई सही है और लड़ाई जारी रहेगी।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस की नेता आभा सिन्हा ने देश के पहलवानों को न्याय दिलाने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने नयी दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के प्रति समर्थन जताते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से मांग की है कि वह पहलवानों को न्याय दिलायें. साथ ही उन्होंने कहा है कि देश की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाना बेहद शर्मनाक है।



आभा सिन्हा की फाईल फोटो।

### मैं पहलवानों के साथ खड़ी हूं : आभा सिन्हा

आभा सिन्हा ने कहा कि भारत अपनी बेटियों के साथ खड़ा है। मैं एक इंसान के रूप में निश्चित रूप से हमारे पहलवानों के साथ खड़ी हूं। कानून सभी के लिए समान है। झारखंड कांग्रेस की महिला नेता ने कहा कि शासक का कानून इन सेनानियों की गरिमा पर कब्जा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, आप उन पर हमला कर सकते हैं, उनके हौसले को नहीं तोड़ सकते. लड़ाई सही है और लड़ाई जारी रहेगी। हमारे पहलवानों को चोट पहुंचाने की हिम्मत न करें। देश उनके आंसू देख रहा है और देश आपको माफ नहीं करेगा।

### पहवानों के साथ नाइंसाफी कर रही है पुलिस

उन्होंने कहा कि वर्ल्ड चौंपियंस पदक जीतते हैं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके साथ फोटो खिंचवाते हैं। अब जबकि वे रो रहे हैं, तो उनके आंसू पोंछने के लिए आगे नहीं आ रहे। पिछले 14 दिनों से देश की बेटियां बिलख रहीं हैं, लेकिन सरकार मौन है। पुलिस उनके साथ नाइंसाफी कर रही है।

### महिला खिलाड़ियों के साथ जो हुआ, उससे देश दुखी

आभा सिन्हा ने महिला पहलवानों को देश का अभिमान बताया। साथ ही कहा कि इन पहलवान बेटियों को न्याय मिलना चाहिए। महिला खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से देश के लिए मेडल जीतकर राष्ट्र का तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है। जंतर-मंतर पर आंसू बहा रही महिला खिलाड़ियों के साथ जो कुछ भी हुआ है, पूरा देश उससे बहुत दुखी है।

सामूहिक हनुमान चालीसा के माध्यम से हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण

## बजरंग दल का देशव्यापी हनुमत शक्ति जागरण 9 मई को: मिलिंद परांडे

**AGENCY NEW DELHI**

बजरंग दल मंगलवार को देश भर में 'कुमति निवार सुमति के संगी' सामूहिक हनुमान चालीसा के माध्यम से, हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण करेगा।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कर्नाटक कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ, हिमाचल प्रदेश, व महाराष्ट्र सहित अनेक राज्यों में कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं द्वारा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने व इस देशभक्त संगठन की तुलना पीएफआई जैसे देशद्रोही, आतंकी व हिंसक संगठन से करना बहुत ही अपमान जनक है।



मिलिंद परांडे की फाईल फोटो।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज निश्चित रूप से इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक सबक सिखाएगा। उन्होंने कहा कि इन सारे नेताओं को क्या नहीं दिखता कि बजरंग दल देश भर में गौ रक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्म रक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे अनेक प्रकार के सेवा कार्यों में लगा हुआ है।

विहिप महामंत्री ने सम्पूर्ण हिंदू समाज का आह्वान करते हुए कहा है कि बजरंगबली के भक्तों के अपमान के विरोध स्वरूप आगामी 9 मई को देश भर में हजारों स्थानों पर होने वाले इन हनुमान चालीसा कार्यक्रमों में से किसी ना किसी एक में अपने परिजनों, पड़ोसियों व मित्रों के साथ अवश्य शामिल होकर धर्म द्रोही शक्तियों को परास्त करने में अपनी सह भागिता सुनिश्चित करें।

### कांग्रेस के विरोध में बजरंग दल देशभर में नौ को करेगा 'हनुमान चालीसा' का पाठ

**LUCKNOW :** बजरंग दल ने कांग्रेस के खिलाफ नौ मई को देशभर में सामूहिक 'हनुमान चालीसा' पाठ करने की घोषणा की है। कांग्रेस के कर्नाटक चुनाव घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे से देश में राजनीति गरमाई हुई है। बजरंग दल ने इस दुर्भाग्यपूर्ण और द्वेषपूर्ण कहा है। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया के आह्वान पर मंगलवार को देशव्यापी साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम में भी हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। देश के सभी प्रान्तों की इकाइयों को इसकी सूचना दी गई है। अवध प्रान्त के संयोजक महेश तिवारी ने कहा है नौ मई को सभी जिलों, महानगरों के प्रमुख केंद्रों, प्रखंडों और नगर कस्बा के मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करेगा। विश्व हिन्दू परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा है बजरंग दल अनुशासित हिन्दू नौजवानों का संगठन है। उस पर प्रतिबंध लगाया गया तो कांग्रेस की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी।

## BRIEF NEWS

### मुख्यमंत्री रामगढ़ में 11 मई को नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का करेंगे उद्घाटन

**RAMGARH :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 मई को रामगढ़ पतरातू लेक रिसॉर्ट में नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडेय ने टीम के साथ रिसॉर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था, पार्किंग और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पतरातू लेक रिसॉर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातू लेक रिसोर्ट में आ रहे सैलानियों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसॉर्ट में भीड़-भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए।

### मथुरा महतो से तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग

**RANCHI :** सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की है। साथ ही उनसे 15 जून से 18 जून तक हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम के समीप जवाहर घाटी में आयोजित होने वाले एक 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता में सरकार स्तर पर सहयोग दिलाने की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा जताया है। इस बाबत ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बीसी ठाकुर व महासचिव सोनी प्रसाद ने रविवार को मोरहाबादी दीनदयाल नगर में मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास पर मिलकर बातों को रखा। उन्हें इस बात से अवगत कराया कि राज्य में ड्रैगन बोट नामक इस वाटर स्पोर्ट्स की शुरूआत गत वर्ष से हुई है। इस वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल में ब धनबाद जिले के एवं राज्य के नौजवान, बालक - बालिकाओं, खिलाड़ियों को अपना भविष्य निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। तोपचांची झील में ड्रैगन बोट वाटर स्पोर्ट्स खेल का प्रशिक्षण केंद्र खुलने जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा, वहीं स्थानीय लोगों को भी रोजगार प्राप्त हो सकेगा। तोपचांची झील में सैकड़ों की संख्या में पर्यटक आते हैं और इन लोगों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे। इस क्रम में उन्हें एसोसिएशन की ओर एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

### केरल के राज्यपाल से मिले झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

**RANCHI :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को तिरुवनंतपुरम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। राज्यपाल राधाकृष्णन ने आरिफ मोहम्मद खान के साथ अपना फोटो ट्वीट कर कहा कि केरल के राजभवन में स्वागत से वह अभिभूत हैं। ईश्वर के अपने देश में आकर उन्हें बेहद प्रसन्नता हुई।

### सांसद दीपक प्रकाश आज जाएंगे जमशेदपुर

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश सोमवार को जमशेदपुर जाएंगे। जमशेदपुर में रामनवमी जुलूस के दौरान भाजपा नेताओं की हुई गिरफ्तारी के खिलाफ जमशेदपुर महानगर की ओर से उपायुक्त कार्यालय पर आयोजित विशाल धरना कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### इरफान अंसारी की जगह विधानसभा में नहीं, होटवार जेल में : शाहदेव

**RANCHI :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को इरफान अंसारी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें उन्होंने कहा कि केरला स्टोरी की स्क्रीनिंग होगी तो सिनेमाघरों में तोड़फोड़ होगी। इस पर प्रतुल ने कहा कि इरफान अंसारी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।



प्रतुल शाहदेव की फाईल फोटो।

कांग्रेस के डीएनए में तुष्टिकरण और राष्ट्र विरोधी मानसिकता है। इरफान अंसारी के बोल उसी मानसिकता का परिचायक है। ऐसे इरफान अंसारी समाचारों में बने रहने के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाला बयान देते हैं। प्रतुल ने कहा कि संविधान और कानून के प्रति आस्था की शपथ लेने वाले विधायक हिंसा को भड़काने की बात कह रहा है। यह गैर कानूनी है। प्रतुल ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की ऐसे गैरकानूनी और हिंसा को भड़काने वाले बयान देने के लिए इरफान अंसारी की सदस्यता समाप्त की जाए। प्रतुल ने राज्य सरकार से भी मांग की कि इरफान अंसारी पर हिंसा भड़काने का बयान देने के लिए मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। सिर्फ अल्पसंख्यक वोटों को खुश करने के लिए वह इस तरीके का सांप्रदायिक बयान देते रहें है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने झारखंड में केरला स्टोरी की स्क्रीनिंग पर सिनेमाघरों में तोड़फोड़ की धमकी दी है।

### मणिपुर में फंसे उप्र के बच्चों की मदद करेगी योगी सरकार

**LUCKNOW :** मणिपुर में फंसे उत्तर प्रदेश के बच्चों की मदद में योगी आदित्यनाथ सरकार ने कदम बढ़ाया है। मणिपुर में फंसे हुए उत्तर प्रदेश के बच्चों का मुख्यमंत्री के नाम मदद की अपील के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और गृह विभाग को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने गृह विभाग को वहां फंसे बच्चों की मदद के लिए निर्देश दिए हैं। गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने मणिपुर के मुख्य सचिव से वार्ता कर हर संभव मदद का अनुरोध किया है। इसके साथ ही उप्र के राहत आयुक्त कार्यालय को मणिपुर सरकार के साथ समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में भड़की हिंसा की वजह से तमाम बच्चे फंस गए हैं।

### मणिपुर में महाराष्ट्र के फंसे छात्रों से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की बातचीत

**MUMBAI :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को मणिपुर में फंसे महाराष्ट्र के छात्रों से फोन पर बातचीत की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में फंसे हुए छात्रों को महाराष्ट्र लाने के लिए एक विशेष विमान की व्यवस्था करने का निर्देश प्रशासन को दिया है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द यह विमान मणिपुर से 22 छात्रों को लेकर महाराष्ट्र पहुंचेगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के कई छात्रों से संपर्क किया जो मणिपुर के एनआईटी, आईआईटी में पढ़ रहे हैं। इनमें से तुषार आव्हाड और विकास शर्मा ने फोन पर बातचीत के दौरान वहां की परेशानी मुख्यमंत्री को बताया। इसके बाद सीएम शिंदे ने राज्य के मुख्य सचिव मनोज सौनिक को मणिपुर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से संपर्क कर छात्रों की सुरक्षा का ध्यान रखने का अनुरोध करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मणिपुर के हालात पर नजर रखे हुए हैं।

### गोड्डा विधायक ने गांवों का दौरा कर सुनी आमजनों की समस्याएं

**GODDA :** गोड्डा से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने रविवार को सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर आमजनों की समस्याओं को सुना। क्षेत्र भर्मण के दौरान विधायक बभनखेता पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर पहुंचे। यहां लोगों ने पंचायत भवन में ग्राम पंचायत अधिकारी नहीं आने और पंचायत भवन बंद रहने की शिकायत विधायक से की। विधायक ने संज्ञान में लेते हुए मौके से ही सरैयाहाट बीडीओ से फोन पर बात कर पंचायत कर्मी को पंचायत भवन में बैठने और पंचायत भवन निरंतर खुलने का सख्त निर्देश दिया। ग्रामीणों ने पटवन के लिए महादेव पोखर, राजा पोखर, भड़कुड़िया पोखर के जीर्णोद्धार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के चारदीवारी निर्माण, क्षेत्र में खराब पड़े चापानल ठीक कराने एवं डीप बोरिंग की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

BRIEF NEWS

### गिरिडीह में यात्री बस से तीन क्विंटल माइका जब्त

**GIRIDIH :** वन प्रमंडल के अधिकारियों ने रविवार को एक यात्री बस से करीब तीन क्विंटल माइका जब्त किया। बताया गया कि डीएफओ प्रवेश अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर रेंजर एसके रवि ने एक यात्री बस में छापेमारी कर चार बोरे में भरे करीब डेढ़ लाख का माइका जब्त किया। रेंजर ने इस दौरान बस को जब्त कर वन विभाग के कार्यालय ले गए लेकिन उसे पहले बस में बैठे कुछ यात्रियों को नीचे उतारा गया। यात्री बस के उप चालक से पूछताछ किया जा रहा है। रेंजर मामले की जांच कर रहे हैं।

### गिरिडीह में नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपितों को भेजा गया जेल

**GIRIDIH :** जिले की भेलवाघाटी थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दो युवकों को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में इसी थाना इलाके के भातकूरहा गांव निवासी संजू मरांडी और सोनाराम मरांडी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पीड़ित के परिजनों ने भेलवाघाटी थाना में केस दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में आरोपितों की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### संदेहास्पद स्थिति में पति-पत्नी की मौत

**HAZARIBAG :** जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरवां गांव में शनिवार रात संदेहास्पद स्थिति में एक नव दंपति राजकुमार यादव (25) और पत्नी पूजा देवी (20) की मौत हो गई। बताया जाता है कि पति पत्नी शनिवार रात छत पर खाना खाकर कमरें में सोने के लिए गए। लेकिन रविवार सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने खिड़की से देखा की पति राजकुमार यादव पंखे से लटका हुआ है दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर देखा कि पत्नी पूजा देवी भी बेड पर मृत पड़ी हुई है। दोनों की शादी इसी वर्ष फरवरी में हुई थी।पति राजकुमार यादव मुंबई में काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक अमित यादव व पूर्व विधायक जानकी यादव घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को संतावना दे रहे हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है।

### गिरिडीह में मुर्गा खाने से एक ही परिवार के तीन की बिगड़ी तबीयत

**GIRIDIH :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा में मुर्गा खाने के बाद एक परिवार के तीन सदस्य की तबीयत बिगड़ गई है। तीनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बीमार लोगों में निशा देवी, सावित्री देवी व एक बच्ची खुशी कुमारी शामिल हैं। निशा की मां कमली देवी ने बताया कि शनिवार रात वह और घर के तीन सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। घर पर उसकी बेटी, बहू और नातिनी ही थी। देर रात जब वे लोग लौटे तो देखा कि तीनों लगातार उल्टी कर रही हैं। पूछा तो बताया कि रात में बदडीहा स्कूल के समीप संचालित एक झोपड़ीनुमा होटल से 50 रुपया का चिकन करी लाया था। इसी करी को तीनों ने खाया और खाने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी। धीरे धीरे तबीयत और खराब हो गई।

### आंगनबाडी वर्कर्स यूनियन जिला समिति का सम्मेलन संपन्न

**KHUNTI :** झारखंड प्रदेश आंगनबाडी वर्कर्स यूनियन खूंटी जिला समिति का एक दिवसीय सम्मेलन रविवार को सैलेश्वरी भवन में यूनियन की जिला अध्यक्ष रंजीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मौके पर 27 अप्रैल को दिल्ली के जन्तर-मन्तर में हुए धरना-प्रदर्शन की समीक्षा की गई। रंजीता देवी ने कहा कि पहली बार झारखंड की आंगनबाडी सेविका-सहायिका के हित की बात करने वाले संगठन के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया, जिसमें जिले की अग्रणी की भूमिका रही। सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि महंगाई को देखते हुए पोषाहार की राशि वर्त्तमान बाजार दर के हिसाब से दी जाए, सेवानिवृत्त सेविका सहायिका को हरियाणा की तर्ज पर एक मुस्त राशि देते हुए आजीवन पेंशन दी जाए।

# अवैध खनन घोटाला मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के SAHIBGANJ स्थित घर की कुर्की

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ**

राज्य में 1000 करोड़ का अवैध खनन घोटाला मामले में फरार चल रहे दाहू यादव का साहिबगंज स्थित घर ईडी कोर्ट के आदेश जारी पर रविवार को कुर्क किया गया है। पिछले महीने एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में राजेश यादव उर्फ दाहू यादव व सुनील यादव के खिलाफ ईडी कोर्ट ने कुर्की वारंट जारी किया था।

कई बार समन किये जाने के बाद भी दाहू यादव और सुनील यादव ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। दाहू यादव आखिरी बार 18 जुलाई, 2022 को ईडी के समक्ष पेश हुए थे। पेशी के बाद वह मां की बीमारी का हवाला देकर साहिबगंज लौट गया था। इसके बाद से अब तक वो ईडी के रडार से बाहर है। ईडी ने धीरे-धीरे जांच का दायरा बढ़ाया और दाहू यादव के परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों के खिलाफ केस दर्ज किया। कई बार इश्तेहार भी चस्पा किये गये।



कुर्की की कार्रवाई के दौरान मुस्तैद पुलिसकर्मी। ● द फोटोन न्यूज

ईडी ने पहली बार अवैध खनन मामले में आठ जुलाई, 2022 को पंकज मिश्रा और दाहू यादव सहित उसके करीबियों के कम से कम 18 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने साहिबगंज, राजमहल, बरहड़वा, मिजाचौकी, बरहेट और उधवा में छापा मारा था। छापेमारी के दौरान पंकज मिश्रा के आवास से पांच करोड़ 34 लाख रुपये की नकदी मिली थी। 27 अलग-अलग बैंक खातों में 11 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जमा होने की जानकारी मिली थी, जिसे ईडी ने जब्त कर लिया था। ईडी ने 30 करोड़ रुपये की कीमत वाला मालवाहक जहाज भी जब्त किया था, जिसका संचालन पंकज मिश्रा और दाहू यादव किया करते थे। 20 जुलाई को पंकज मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि दाहू यादव अभी भी गिरफ्त से दूर है।

## अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, साला-बहनोई सहित तीन घायल

**PHOTON NEWS GUMLA**

जिला मुख्यालय के पालकोट रोड स्थित साहु पेट्रोल पंप के पास रविवार को एक अनियंत्रित बोलेरो ने दो अलग-अलग बाइक सवारों को पीछे से ठोक दिया। इसमें बाइक सवार राम चन्द्र साहु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राम चन्द्र नगर से सटे तर्री गांव का रहने वाला था। वहीं एक अन्य बाइक सवार कार्तिक खड़िया (25) और बहनोई समीर खड़िया (30) गंभीर रुप से घायल हो गये। दानों दोमो ग्राम बंगरु के रहने वाले हैं।

इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बोलेरो चालक चंदरु लोहरा की जम कर पिटाई कर दी। इससे चंदरु लोहरा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही गुमला पुलिस वहां पर पहुंची और तीनों घायलों और शव को सदर अस्पताल ले गई। पुलिस ने बोलेरो और दोनों बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

चंदरु लोहरा तोरपा (खूंटी) थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वे अपने बोलेरो से किसी काम के सिलसिले में गुमला आये थे। वापस लौटने के क्रम में साहु पेट्रोल पंप के समीप उन्होंने अपना नियंत्रण खो दिया। बोलेरो ने पहले एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

## LATEHAR : कैदी की संदिग्ध मौत के मामले में पांच जेल कर्मियों पर प्राथमिकी

**PHOTON NEWS LATEHAR**

मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी संधू मुंडा की मौत के मामले में लातेहार सदर थाना में पांच जेल कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जेल अधीक्षक के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मंडल कारा के कक्षपाल शंकर मुंडा, चंद्रशेखर सिंह, दीप नारायण विश्वकर्मा, प्रदीप प्रजापति और मनोहर बारला के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी की कॉपी लेने के लिए जुटे परिजन व ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

बताया जाता है कि डायन बिसाही के आरोप में दोहरे हत्याकांड के आरोप में संधू मुंडा मंडल कारा में बंद था। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना था कि कैदी की मौत दौरा पड़ने से हुई है। लेकिन जब मृतक कैदी के परिजन अस्पताल पहुंचे और शव को देखा तो उसके शरीर पर कई गहरे जख्म के निशान दिखे। इसके बाद परिजनों ने आरोप लगाया था कि संधू मुंडा की लाठी से पीटकर हत्या की गई है। इस आरोप के बाद तीन डॉक्टरों की मेडिकल बोर्ड बनाकर कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

इधर रविवार को परिजन इस बात पर अड़ गए कि जब तक दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी की कॉपी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जाएगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतक के परिजनों तथा ग्रामीणों ने पूरे मामले में प्रशासनिक उदासीनता का भी आरोप लगाया। हालांकि पुलिस पदाधिकारियों के समझाए जाने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश कम हुआ।

## पलामू में सात वर्षीय बच्ची के साथ मामा ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU**

सात वर्षीय बच्ची के साथ 45 वर्षीय मामा ने दुष्कर्म किया है। रविवार को मामले की शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बच्ची का मेडिकल जांच कराकर उसका बयान भी दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान विजय तिवारी (45) बच्ची को पास के एक अर्ध निर्मित मकान में ले गया। साथ ही बच्ची को मोबाइल दिखाने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को खोज रहे माता-पिता को बच्चों ने बताया गया कि विजय मामा उसे ले गए हैं। अर्ध निर्मित मकान से बच्ची रोते हुए बाहर निकली। पूछने पर उसने बताया कि मोबाइल दिखाने के बहाने विजय मामा ने उसके साथ गलत काम किया है। बच्ची ने पूरी घटना बताई। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## जिला कांग्रेस पार्टी सेवा दल का होगा विस्तार

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जिला कांग्रेस पार्टी के सेवादल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रूपेंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का संचालन जे. के. अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी भरत रावत शामिल हुए। संगठन का विस्तार साथ ही तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन का निर्णय लिया गया। शीघ्र ही शिविर का आयोजन किया जाएगा। झारखंड के प्रभारी भरत रावत ने अपने संबोधन में कहा था। अपने संबोधन में कहा कि सभी कांग्रेस जनों को सेवादल के प्रशिक्षण से गुजरना होगा। बोकारो जिला के संगठन प्रशांत कुमार बावरी

कांग्रेस सेवादल महिला जिलाध्यक्ष पिंकी राय मीना राय गुलशन कुमार सुरेश करमाली रवि कुमार मुकेश करमाली जसीम अंसारी कृष्णा कुमार संतोषी सिंह पप्पू कुमार विशाल कुमार सुरेश करमाली मुन्नी देवी इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## फर्जी कागजात बनाकर वाहन का उपयोग करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI**

रांची की पिठौरिया थाना पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट और गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर वाहन का उपयोग करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में वकील अंसारी, आजाद अंसारी और मो महताब आलम शामिल हैं।



फर्जी कागजात बनाने वाले गिरोह के सदस्य व जानकारी देती पुलिस ● द फोटोन न्यूज

इनके पास से एक फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर कार्ड, 15 बिना चीफ लगा कार्ड, दो इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया का कार्ड, दो आधार कार्ड का पीवीएस कार्ड, दो अलग-अलग वाहन का आरसी कार्ड, वाहन का नम्बर प्लेट, दो मोबाइल फोन और एक हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक में फर्जी लिखा हुआ रजिस्ट्रेशन नंबर भी बरामद किया गया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कई लोग फर्जी नंबर प्लेट और गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर वाहन का उपयोग कर रहे है। सूचना के बाद एएसपी मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की गाड़ी, फर्जी आरसी, फर्जी नंबर प्लेट सहित कई फर्जी कागजात बरामद किया गया है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि ये लोग ओएलएक्स अन्य विज्ञापन बेवसाईटों से आम आदमी की ओर से बेचने-खरीदने के लिए डाली गयी जानकारी प्राप्त कर उसी गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर और नम्बर प्लेट लगाकर चोरी का वाहन चलाते थे ताकि किसी को शक ना हो। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रंगदारी के लिए हरदेव कंस्ट्रक्शन पर अमन श्रीवास्तव गिरोह ने चलाई गोली, दो गिरफ्तार

### बेगूसराय से बुलाए गए थे दो शार्प शूटर, देसी पिस्तौल और दो गोलियां जब्त

**PHOTON NEWS RAMGARH**

पतरातू थाना क्षेत्र में हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोलीबारी की वारदात का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। एसपी पियूष पांडे ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोगों ने रंगदारी के लिए हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर गोली चलाई थी।



गिरफ्तार शूटर व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

एसपी ने बताया कि शार्प शूटर बिहार राज्य के बेगूसराय जिले से बुलाए गए थे। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जांच के लिए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। इसमें पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह भी शामिल थे। इन लोगों ने शनिवार की रात छापेमारी के दौरान पतरातू डैम के समीप किंग रेस्टोरेंट से दो कुख्यात अपराधियों को पकड़ा। इनमें बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्तियारपुर गांव निवासी सनी कुमार और चरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी बृजेश कुमार उर्फ जहरा शामिल है।

दोनों अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल और .315 की दो जिंदा गोली बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे अमन श्रीवास्तव गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। उन लोगों ने बताया कि रंगदारी के लिए उन्होंने वारदात को अंजाम दिया गया था। उन लोगों ने पुलिस को बताया कि बिहार और झारखंड में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। दोनों अपराधियों ने बताया कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के निर्देश पर ही वे लोग पतरातू आए थे।

एसपी ने बताया कि सनी और बृजेश का आपराधिक इतिहास रहा है। उन लोगों ने बिहार राज्य के कई जिलों में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है।उनके आपराधिक इतिहास को जानने के लिए बेगूसराय जिला पुलिस से भी संपर्क किया गया है। मौके पर पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, इंस्पेक्टर सुशील कुमार, थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, सब इंस्पेक्टर सोनू साहू और निर्मल उरांव मौजूद थे।

### 1932 आधारित खतियानी की मांग पर कोडरमा में मैराथन यात्रा

## झारखंड सरकार आज भी रघुवर सरकार की नीति पर चल रही है : अमित कुमार महतो

**PHOTON NEWS KODARMA**

राज्य में 1932 आधारित खतियानी मांग के लिए बरकठ्ठा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जयनगर प्रखंड में खतियानी मैराथन यात्रा कार्यक्रम को लेकर रविवार को सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो पहुंचे। यह मैराथन यात्रा हिरोडीह से शुरू होकर परसाबाद बाजार में 21 किमी पैदल चल कर समाप्त हुई।

यह पूर्व विधायक अमित कुमार महतो का 38वें विधानसभा क्षेत्र एवं 86वां दिन था। वह प्रत्येक दिन मैराथन दौड़ लगाकर झारखंडी लोगों को अधिकार के बारे में जागरुकता अभियान चला रहे हैं। इस मैराथन यात्रा में क्षेत्रवासियों ने पूर्व विधायक के साथ पैदल चलकर 60-40 नाय चलतो, बाहरी विधायक नाय चलतो का नारा लगाया।



मैराथन यात्रा में शामिल पूर्व विधायक अमित कुमार महतो व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

अमित कुमार महतो ने कहा कि झारखंड सरकार आज भी रघुवर सरकार की नीति पर चल रही है। झारखंड अलग होने का मकसद था कि हमारी अपनी सरकार बने, हमें अपना अधिकार मिले और 1932 के तहत नियोजन नीति बनाकर झारखंड के वासियों को झारखंड में रोजगार मिले लेकिन आज के समय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने किए गए सभी वादों को तोड़ने का काम किया है। मैं झारखंड के सभी क्षेत्रों में प्रत्येक दिन 21 किलोमीटर की यात्रा कर खतियान यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा हूं।

दौड़ में समाजसेवी अरमान खान, रंजीत यादव, चन्दन यादव, बैजनाथ यादव, राम कुमार, शमशाद आलम, पप्पू सिंह, सकलदेव राम, कुन्दन यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## कैंप में अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजों ने साझा किये अपने अनुभव



आर्चरी समर कैंप में निशाना साधते प्रतिभागी। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI**

सामर्थ आर्चरी अकादमी के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय में चल रहे आर्चरी समर कैंप के दूसरे दिन रविवार को 2010 कॉमन वेल्थ गेम्स की मेडलिस्ट अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज भाग्यवती चानू और भारतीय सेना में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज गुरुचरण बेसरा भी बच्चों का मनोबल बढाने केंद्र में पहुंचे। पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों से मिलकर केंद्र के तीरंदाज काफी उत्साहित नजर आए।

उन्होंने दोनों तीरंदाजों से कई सवाल पूछे जिनका जवाब उन्होंने मनोरंजक तरीके से दिए। बच्चों ने तीरंदाजी के तकनीकी पहलु और कैरियर के बारे में भी सवाल पूछे। दोनों अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजों ने बच्चों के साथ तीरंदाजी के अपने अनुभव साझा किये और बच्चों को तीरंदाजी की तकनीकी जानकारी दी। अतिथियों नें पंचघाघ और हिरणी फॉल का भी भ्रमण किया और खूंटी के पर्यावरण की काफी सराहना की।

# दोहरी नागरिकता वाले परिवार के दस लोग नेपाल में पकड़े गये

**AGENCY ARRARIA :** भारत और नेपाल दोनों देश की दोहरी नागरिकता रखने वालों पर नेपाल पुलिस ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी मे भारतीय व नेपाली नागरिकता रखने वाले एक ही परिवार के दस भारतीय नागरिकों को काठमांडू अपराध अनुसन्धान कार्यालय की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।

उक्त बातों की जानकारी देते हुए अपराध अनुसन्धान कार्यालय के प्रमुख एसएसपी मनोज केसी ने कहा कि साढ़े तीन महीने के लम्बे अनुसंधान के बाद इन सबको गिरफ्तार किया गया है। सभी एक ही परिवार के है, जो नेपाल के विभिन्न जिले से नागरिकता प्राप्त किया था इन सब के पास भारतीय नागरिक होने के प्रमाण का पर्याप्त सबूत मिलने का दावा किया जा रहा है।



नेपाल पुलिस की गिरफ्त में गुप्ता परिवार के सदस्य।

अपराध अनुसंधान कार्यालय के प्रमुख एसएसपी मनोज केसी ने कहा कि सभी भारत के उत्तरप्रदेश बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी ग्राम पंचायत भीमपुरा थाना अंतर्गत बेल्थरा रोड के भी स्थायी निवासी है।

उन्होंने बताया कि इन लोगों ने सिरहा, बारा, पर्सा, रुपन्देही सहित अन्य जिले से नेपाली नागरिकता लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति मे 55 वर्षीय भरत प्रसाद गुप्ता, 30 वर्षीय राहुल गुप्ता, 50 वर्षीया ज्ञानमती देवी गुप्ता,39 वर्षीय गोपाल गुप्ता, 44 वर्षीय रामसुन्दर गुप्ता, 43 वर्षीय रामप्रवेश गुप्ता, 46 वर्षीय भरत गुप्ता, 42 वर्षीया स्नेहलता गुप्ता, 49 वर्षीया मिनदेवी गुप्ता और 52 वर्षीय राजेशकुमार गुप्ता है।

एसएसपी केसी ने कहा कि कई प्रदेश मे दोहरी नागरिकता वाले निगरानी मे है,जल्द ही अन्य लोगों की भी गिरफ़्तारी की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**AGENCY PATNA :** सारंगपुर थाना क्षेत्र में मउ-पड़ाना रोड़ पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और अज्ञात चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। एसआई धर्मवीर पलैया के अनुसार बीती रात मउ-पड़ाना रोड़ पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक अबरार (21) पुत्र राजू खां निवासी पड़ाना की गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 304ए, 184 एमव्ही.एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## BRIEF NEWS

### वैवाहिक समारोह में कट्टा लहराना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार



**AGENCY NAWADA :** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर पंचायत के मड़पो तुरियाडीह गांव में वैवाहिक समारोह में व्यवधान डालते हुए देशी कट्टा लहराना एक युवक को महंगा पड़ गया। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस ने युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि लालपुर गांव निवासी प्रकाश तुरिया के पुत्र रोहित कुमार को पुलिस ने एक देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि तुरियाडीह गांव में बहु भात कार्यक्रम चल रहा था। इस बीच देशी कट्टा लहराते हुए प्रकाश तुरिया का पुत्र रोहित वहां पहुंचकर लोगों को धमकाने लगा एवं फायरिंग करने की बात कही। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दिए जाने के उपरांत युवक भाग गया। जिसके बाद पुलिस ने पुनः छापेमारी कर देशी कट्टा के साथ युवक को रविवार को गिरफ्तार कर थाना ले आई। थाना में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हथियार और गोली के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**AGENCY SAHARSA :** जिले के पतरघट पुलिस ने गोलमा पश्चिमी के मोतीपोखर कच्ची सड़क के समीप अपराधी द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिए जाने के बाद एक लोडेड हथियार के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। हालांकि एक अन्य अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

प्रभारी ओपी अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उनके नेतृत्व में पुअनि बरूण कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ गोलमा बासा टोला अभियुक्त के घर छापेमारी के लिए जा रहा था। मोतीपोखर के समीप दो युवक पुलिस वाहन देखते ही भागने लगा। पुलिस ने एक अपराधी को को खदेड़ कर पकड़ लिया।गिरफ्तार की तलाशी लेने पर गोलमा पश्चिमी के मोतीपोखर निवासी अमीत कुमार, पिता नवल यादव के कमर से लोडेड थ्रीनट एवं उसके पेंट का पोकेट से एक जिंदा गोल्ड व दो खोखा सहित एक बिंडोलिया बरामद हुआ।

गिरफ्तार अमीत कुमार पूर्व से एक मारपीट के आरोप में नामजद हैं जो फरार चल रहा था। हथियार बरामदगी के मामले में अमीत सहित अमीत के पहचान पर भागने में सफल रहे अपराधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नीतीश और तेजस्वी को मिला बाबा बागेश्वर की कथा सुनने का आमंत्रण

**AGENCY PATNA :** पंडित धीरेन्द्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर के हनुमत कथा में शामिल होने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को निमंत्रण भेजा गया है। पटना से सटे नौबतपुर के तरेत पाली में 13 से 17 मई तक धीरेंद्र शास्त्री की हनुमान कथा होगी। इसको लेकर बिहार में जमकर राजनीति भी हो रही है। बाबा बागेश्वर के इस कथा वाचन कार्यक्रम का राजद एकसुर में विरोध कर रहा है। राजद के कई मंत्री और नेता कह रहे हैं कि वे किसी बाबा को नहीं जानते हैं। इन सबके बीच बाबा बागेश्वर कार्यक्रम के आयोजक ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया है। साथ ही 15 मई को धीरेंद्र शास्त्री लोगों के मन के सवालों के जवाब देंगे। भीड़ में से किसी को भी बुलाकर वे उसके मन में चल रही समस्या और उसके समाधान पर बात करेंगे। धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की भव्य तैयारी भी की जा रही है। 30 एक-ड़ में एक नगर बसाया गया है। इस प्रोग्राम में 14 मई को इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी शामिल होंगे। अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मनोज तिवारी भजन गाने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने बिहार के तकरीबन हर नेता को निमंत्रण दिया है चाहे वह किसी दल का हो।

### फूल तोड़ने के विवाद में महिला की पिटाई से मौत, पुलिस जांच में जुटी

**AGENCY ARRARIA :** रानीगंज थाना क्षेत्र के छतियौना धनियान टोला वार्ड संख्या सात में फूल तोड़ने के विवाद में एक महिला की पिटाई से मौत हो गई।घटना शनिवार के देर शाम की है।सूचना पाकर शनिवार के देर रात रानीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवाया। घटना को लेकर मृतका समतोलिया देवी के पति गिरानन्द ऋषिदेव ने बताया कि शनिवार के देर शाम करीबन साढ़े पांच बजे पिंकी देवी और उसके पति सुरेश ऋषिदेव उनके दरवाजे पर आकर दरवाजे पर से पौधे से फूल तोड़ लेने का आरोप लगाते हुए गाली ग्लौज करने लगे।इसी क्रम में उनकी पत्नी समतोलिया देवी ने गाली गलौज करने से मना किया तो पिंकी देवी उग्र हो गई और मुक्का फाइट के साथ पजरा से मारपीट करने लगी।

## अपराधियों ने सीमेंट व्यवसायी को गोली मार किया जख्मी, इलाके में दहशत कायम



**AGENCY NAWADA :** नवादा में बेखौफ अपराधियों ने नवादा जिले के काशीचक थाने के देवनबीघा गांव के निकट गोली मारकर सीमेंट व्यवसायी को जख्मी कर दिया ।जिसे चिंताजनक हालत में नवादा सदर अस्पताल लाया गया है।

व्यवसायी को अपराधियों ने तीन गोलियां मारी है ।एक बार फिर से नवादा में व्यवसायी को गोली मारे जाने से दहशत का माहौल कायम हो गया है।

सीमेंट व्यवसायी पर दुकान के रास्ते मे ही मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। यह घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के देवनबीघा गांव के निकट हुई।घायल की पहचान टप्पू कुमार के रूप में हुई है।

भागने के दौरान अपराधियों ने अपनी बाइक भी वहीं छोड़ दी और फरार हो गए. गोली मारने के बाद स्थानीय लोगों ने जब देखा तो अपराधियों को खदेड़ दिया।

उसी दौरान वे बाइक छोड़कर भाग निकले।गोली लगने के बाद चिंताजनक हालत में व्यवसाई को नवादा सदर अस्पताल लाया गया जहां से पटना रेफर कर दिया गया।

# किशनगंज में अचानक मिट्टी खिसकने से तीन लोग मलवे में दबे, हालत नाजुक

**AGENCY KISHANGANJ :** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र के बांसबाड़ी वार्ड नंबर 11 में तीन लोग तकरीबन दस फीट लंबा और तीन फीट से अधिक मोटाई की मिट्टी खिसकने से दब गए। जानकारी के अनुसार रविवार को घरेलू कार्य हेतु तीन लोग जिसमें से एक महिला जोहरा, दूसरी बच्ची मोरमी और तीसरा एक बच्चा मिट्टी खोदकर लाने गया कि इसी दौरान अचानक से मिट्टी खिसकने से तीनों के ऊपर मिट्टी की मोटी परत गिर गयी। जिससे मौके पर चीख - पुकार मच गई, तब स्थानीय ग्रामीण आनन-फानन में कुदाल लेकर मौके पर दौड़े और खोदकर तीनों को निकाला और आनन-फानन में ग्रामीणों ने इलाज हेतु अस्पताल भेजा। जिसमें से एक महिला की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है और दो लोग चल नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण उन्हें गोद में उठाकर ग्रामीण ले जाते हुए नजर आए।



उल्लेखनीय है कि उक्त स्थल से जुड़े अवैध खनन की खबरे आठ दिन पूर्व प्रकाशित भी की गई थी जिसमें लिखा गया था कि जेसीबी द्वारा बांसबाड़ी में अवैध खनन किया जा रहा है। ठीक उसी जगह पर रविवार को घरेलू कार्य हेतु मिट्टी खोदने गए जिसके कारण यह बड़ा हादसा हुआ। अवैध खनन के कारण क्षेत्र धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है लेकिन इस पर कोई कुछ बोलना नहीं चाह रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय प्रशासन भी मौन धारण किए हुए हैं।

# मजदूर की हत्या कर रेलवे पटरी पर फेंका शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**AGENCY BHAGALPUR :** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भागलपुर दुमका रेल खंड पर अंगारी गांव के निकट जोरी नदी के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक अंगारी गांव निवासी वकील मंडल के 40 वर्षीय पुत्र नारो मंडल के है।

परिजन ने बताया कि मृतक शनिवार को घर से निकला था और शाम तक वापस नहीं आया। जब खोजबीन किया गया तो शनिवार रात्रि करीब 10 बजे उनका शव रेलवे पटरी पर मिला। शव को देखने से प्रतीत होता है कि किसी धारदार हथियार से उनकी हत्या की गई है। साथ ही गले में रस्सी का निशान भी पाया गया।



घटना की सूचना जगदीशपुर पुलिस को दी गई। जगदीशपुर पुलिस ने रविवार सुबह मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। ग्रामीणों की मानें तो मृतक का एक दिन पूर्व अपने घर में परिजन से विवाद हुआ था। मजदूर की हत्या किसने और क्यों की इसको लेकर जगदीशपुर पुलिस छानबीन में जुट गई है। उल्लेखनीय हो कि मृतक मजदूर अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र एवं एक पुत्री को छोड़ गया है। वाह सात भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अभी तक इसको लेकर कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## संतोष झा गैंग ने ली ओमप्रकाश हत्याकांड की जिम्मेदारी, मीडिया को जारी की चिट्ठी

**AGENCY EAST CHAMPARAN :** जिले के फेनहारा में शनिवार हुए ओमप्रकाश सिंह हत्याकांड की जिम्मेवारी संतोष झा गैंग ने लिया है ।शनिवार देर रात राज झा नामक एक व्यक्ति ने अपने को गैंग का प्रवक्ता बताते हुए मीडिया को एक प्रेस नोट जारी किया है।

इसमें ओमप्रकाश सिंह को मुकेश पाठक का राइट हैंड बताते हुए कहा है,कि ओमप्रकाश सिंह ठेकेदार नहीं, बल्कि अपराधी है। प्रेस नोट में बताया है,कि 28 अगस्त 2018 को सीतामढ़ी कोर्ट में हुए संतोष झा की हत्या में ओम प्रकाश भी शामिल था। कहा है,कि संतोष झा की हत्या करने वाले सभी शूटर ओमप्रकाश सिंह के ही घर पर रुके थे,और उसने ही सभी शूटरों को हथियार उपलब्ध कराया था ।बताया है,कि यह हत्या संतोष झा की हत्या का बदला है ।इस प्रेस नोट में कहा है,कि ओमप्रकाश मुकेश पाठक के हर जुर्म में शामिल था ।अब अगला नंबर मुकेश पाठक का है ।हालांकि हिन्दुस्थान समाचार इस पत्र की पुष्टि नही करता ।लेकिन इतना तो तय है,कि इस पत्र के सामने आने के बाद संतोष झा के गैंग व मुकेश पाठक गैंग के बीच गैंगवार की आशंका बढ़ गई है।



लंबे समय से क्राइम कवर कर रहे एक वरिष्ठ पत्रकार की माने तो गैंगस्टर संतोष झा और मुकेश पाठक कभी एक साथ काम कर रहे थे,बाद में दोनो के रास्ते जुदा हो गये,और इनके बीच अदावत शुरू हो गयी है,इसी दौरान सीतामढी कोर्ट में संतोष झा की दिनदहाड़े हत्या कर दी गयी ।उसकी हत्या के बाद उसका गैंग बिखर सा गया,लेकिन हाल के दिनों में यह गैंग पुनःसंगठित हुआ है। जिसकी कमान कालिया नामक व्यक्ति संभाल रहा है ।वही मुकेश पाठक भागलपुर जेल में बंद है ।फिलहाल सारे मामले की जांच में पुलिस जुटी है ।एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर गठित एसआईटी जिसमे पकड़ीदयाल व अरेराज डीएसपी को संयुक्त रूप शामिल करते हुए जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# सहरसा में भाजपा कोर कमिटी की बैठक आयोजित

**AGENCY SAHARSA :** जिले के भाजपा सिमरी बख़्तियारपुर विधानसभा कोर कमेटी की एक बैठक रविवार को विधानसभा सिमरी बख़्तियारपुर के संयोजक भाई भीएस के हटिया गाछी स्थित कार्यालय में हुई ।बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी शिव भूषण सिंह एवं मंच संचालन भाई भीएस ने की ।बैठक में पहुंचे पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

बैठक को जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने संबोधित कर कहा कि अति महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक लोकसभा चुनाव 2024 में चार सौ के पार एवं 2025 में भाजपा की पूर्ण बहुमत सरकार बनाने को लेकर की गई। बैठक में मौजूद किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने लोगों से कहा कि हमलोगों को पार्टी की मजबूती और लोगों में पार्टी के विश्वास बनाये रखने के लिये पार्टी के दिशा निर्देश पर चलकर लोगों के बीच केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दें।

बैठक में खगड़िया लोकसभा के प्रभारी कुमार प्रणय,खगड़िया जिलाध्यक्ष शत्रुधन भगत, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री शंकर ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार यादव, विष्णु देव मुखिया, कुमार गौरव ,सुमित कुमार,पियूष कुमार, गिरजानंद, सत्यनारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## निरोधक दस्ता ने किया बम को निष्क्रिय

**AGENCY EAST CHAMPARAN :** जिले के रक्सौल पंटोका गांव के परतिया टोला में एसएसबी मुख्यालय के समीप मिले पांच बम को बम निरोधक दस्ता ने निष्क्रिय किया। मुजफ्फरपुर से आयी बम निरोधक टीम हरैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंच कर सड़क के किनारे सरेह में रखे गए जिन्दा बम को बम निरोधक दस्ता ने सुरक्षा कीट पहन कर निष्क्रिय किया ।मौके पर हरैया थाना प्रभारी पंकज कुमार,जमादार कृष्ण यादव,चौकीदार और एस एस बी के जवान उपस्थित थे ।उल्लेखनीय है,कि भारत नेपाल सीमा पर स्थित गांव के समीप बम मिलने की यह दूसरी घटना है।

## भागलपुर रेलवे लोको सामुदायिक भवन में सात दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरूआत

# श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**AGENCY BHAGALPUR :** भागलपुर के रेलवे लोको सामुदायिक भवन में 7 मई से शुरू होने वाले सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं कन्याओं ने हिस्सा लिया।

पंडितों द्वारा पवित्र गंगाजल कलश में भरवाया गया। कलश शोभायात्रा के साथ ही इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। गाजे-बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा को शीतला स्थान के दिनेश्वर धाम मंदिर ले जाया गया। फिर गंगाजल भरकर शोभायात्रा मिरजानहाट चौक, बबरगंज, अलीगंज, बाल्टी कारखाना चौक, गुरहट्टा चौक होते हुए रेलवे कॉलोनी के लोको सामुदायिक भवन पहुंचा।



कलश में गंगाजल भरकर वापस लौटतीं यात्रा में शामिल महिलाएं।

उल्लेखनीय है कि यह श्रीमद्भागवत कथा एक सप्ताह तक चलेगा। यह 7 मई से प्रारंभ होकर 13 मई को समाप्त होगा। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति लगी हुई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव सुमन ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस भागवत कथा को सुनने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग आएं और इसका श्रवण कर अपने यश को बढ़ाएं।

# दिनकर ग्राम सिमरिया में कलश शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ शुरू

**AGENCY BAGUSARAI :** भव्य कलश शोभायात्रा के साथ रविवार से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पैतृक गांव सिमरिया में नौ दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ शुरू हो गया। इस शोभा यात्रा में 551 कुमारी कन्या सहित सिमरिया एवं आसपास के हजारों लोग शामिल हुए।

शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर मां काली मंदिर होते हुए सिमरिया पंचायत-दो के गंगा तट भोला स्थान पहुंचा। जहां आचार्य डॉ. विशंभर पाठक द्वारा कन्हैया कुमार, मुकेश कुमार उर्फ बिट्टू, मंटुन पोद्दार सहित नौ यजमान के साथ कलश पूजा वैदिक मंत्रों से संपन्न कराया गया। इसके बाद गंगाजल लेकर कलश यात्रा ग्राम भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचा।

यात्रा में कथावाचक पूर्व डीजीपी आचार्य गुप्तेश्वर पांडेय, अखिल भारतीय श्री पंच तेरे भाई त्यागी खालसा अयोध्या धाम के महंत परशुराम दास, महंत रामाज्ञा दास, मोनी बाबा, सूजा महंत शंकर दास, श्रीमंत पातेपुर स्टेट के युवराज विश्व मोहन राज सहित विभिन्न खालसा के एक सौ से अधिक साधु संत उपस्थित थे। कलश यात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी भी निकाली गई।

15 मई तक चलने वाली इस महायज्ञ के सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ रविवार की देर शाम कला संस्कृति विभाग बिहार के विशेष सचिव सीमा त्रिपाठी करेंगे। इस अवसर पर डीएम रोशन कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व गुप्तेश्वर पांडेय राम कथा का शुभारंभ करेंगे एवं 15 मई तक लगातार रामकथा कहेंगे। यज्ञ के दौरान सृष्टि फाउंडेशन द्वारा ओडिसी नृत्य के माध्यम से देवी भगवती के नौ रूपों की प्रस्तुति की जाएगी। जबकि वृंदावन की मंडली द्वारा रासलीला का आयोजन होगा। 12 मई को भजन सम्राट अनूप जलोटा अपने सुर का जलवा भी बिखेरेंगे। 15 मई को समापन के दिन तृप्ति शाक्या का कार्यक्रम होगा। इस दौरान 65 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा लगातार दुर्गा सप्तशती एवं वैदिक मंत्रोचार का पाठ चलता रहेगा। सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर के अलावा ग्रामीण स्तर से भी बड़ी संख्या में स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं।

# मणिपुर में तनाव

मणिपुर में आदिवासियों और बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के बीच भड़की हिंसा बहुत दुखद और निंदनीय है। तनाव इतना बढ़ गया है कि हजारों लोग विस्थापित होने या अपना घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। स्थिति यहां तक बिगड़ गई थी कि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश पारित हो गए थे। मणिपुर के अनेक इलाकों में सेना को स्थिति संभालने के काम में लगाया गया है। बड़ी संख्या में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? अपेक्षाकृत शांत मणिपुर में इस तरह से जातीय हिंसा क्यों भड़की? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अव्वल तो लोगों को संवेदना और समझदारी का परिचय देना चाहिए था, पर यह एक दुखद सामाजिक पहलू है कि जातियों या समुदायों के बीच दूरियां या अविश्वास की भावना बढ़ रही है। इससे भी बढ़कर चिंता की बात यह है कि समाज में स्वार्थ तेजी से बढ़ रहा है। किसी भी तरह के सरकारी लाभ के लिए लोग पहले की तुलना में ज्यादा लालायित हैं और दुखद रूप से यह भी चाहते हैं कि सरकारी लाभ उनके अलावा किसी और को न मिले। दरअसल, मामला यह है कि 19 अप्रैल को मणिपुर उच्च न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली राज्य सरकार से एसटी सूची में मैतेई जाति को भी शामिल करने पर विचार के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश करने को कहा था। मैतेई लोगों की राज्य में आबादी लगभग 53 प्रतिशत है। न्यायालय के इस आदेश ने आदिवासियों के बीच चिंता पैदा कर दी है, जो पहाड़ी जिलों में रहते हैं और राज्य की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा हैं। मणिपुर में नौकरियों और शिक्षा में एसटी के लिए 31 प्रतिशत आरक्षण है और अनुसूचित जनजातियों को लगता है कि उनके लाभ में कटौती हो जाएगी। कुकी जनजाति में ज्यादा गुस्सा है और छात्र संगठन उपद्रव पर उतर आए हैं। हालांकि, यह अच्छी बात है कि सरकार ने पूरी कड़ाई से स्थिति पर नियंत्रण किया है और आने वाले दिनों में भी राज्य सरकार को केंद्र के साथ मिलकर पूरी सतर्कता के साथ हिंसा पर नियंत्रण रखना चाहिए। आसपास के राज्यों में भी चिंता है। यह समय संयम व समझदारी बरतने का है। जिन आदिवासियों में असंतोष फैला है, उन्हें विश्वास में लेना चाहिए। उन्हें आश्वस्त करना चाहिए कि उनके आरक्षण लाभ में किसी तरह की कटौती नहीं होगी। मणिपुर का तनाव दूसरे राज्यों और राजनीतिक दलों के लिए एक सबक की तरह होना चाहिए। जो पार्टियां आरक्षण की राजनीति में अपना लाभ देखती हैं, उन्हें सतर्क हो जाना चाहिए। आरक्षण राजनीति का विषय नहीं है, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि ज्यादातर राजनीतिक दलों के लिए यह एक आसान भावनात्मक मुद्दा होता है। राजनीतिक दलों को अमन-चैन के हित में आरक्षण की राजनीति से देर-सबेर निकलना ही होगा। केंद्र सरकार को ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि पिछड़ी जातियों की सही पहचान हो और उन्हें जरूरत के हिसाब से आरक्षण का लाभ मिल जाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर के हालात पर निगाह रखे हुए हैं, उन्होंने कर्नाटक का चुनावी दौरा छोड़ दिया है।

# जांच में तेजी लाएं

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 23 अप्रैल से शुरू हुआ पहलवानों का दूसरे दौर का धरना खत्म होना तो दूर उलटे यह मामला और पेचीदा होता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले में कोई और व्यवस्था दिए बगैर सुनवाई समाप्त कर दी। हालांकि इसे मामले के मेरिट पर किसी तरह की टिप्पणी नहीं माना जा सकता। इस बीच, बुधवार रात जंतर-मंतर पर हुई पुलिस के साथ पहलवानों की झड़प के बाद माहौल और गरमा गया है। वैसे, इस मामले में दोनों का अपना पक्ष है। जहां पहलवानों की तरफ से मानवीय नजरिया अपनाते हुए कहा जा सकता है कि बारिश के चलते जमीन गीली होने के कारण रात में अगर उनके लिए फोल्डिंग खाट का इंतजाम किया जा रहा था तो यह कोई ऐसी बात नहीं थी जो समझी न जा सके। लेकिन पुलिस की यह बात भी सही है कि जंतर-मंतर कोई ऐसी जगह नहीं है जहां कोई भी, कभी भी मनमाने ढंग से कुछ भी ले आए। वहां धरने पर बैठे लोगों को एक अनुशासन में रहना पड़ता है। उन्हें जरूरी वस्तुओं की सूची पुलिस को देनी पड़ती है, उसकी इजाजत लेनी पड़ती है। ऐसे में रात-बिरात किसी खास राजनीतिक दल से जुड़ा कोई विधायक बिना इजाजत वहां फोल्डिंग खाट लेकर पहुंच जाए तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का उसे रोकना स्वाभाविक है। लेकिन फिर भी, इस मामले ने जितना अप्रिय मोड़ ले लिया, उसकी जरूरत नहीं थी। इसे बेहतर ढंग से निपटाया जा सकता था। दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप के बीच दिल्ली पुलिस ने मामले की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच की बात कही है, जिसका स्वागत होना चाहिए। बहरहाल, ज्यादा चिंता की बात यह है कि अपनी शिकायतों के साथ पहलवानों का धरना लगातार जारी है। इस गतिरोध को दूर करने के कोई गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे। आरोपों के घेरे में आए कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भी मीडिया में अपनी बात कह रहे हैं, जिसका उन्हें हक है। लेकिन इससे बात कुछ आगे नहीं बढ़ रही। मूल सवाल यह है ही नहीं कि कौन सी राजनीतिक ताकतें इस मामले का कैसे इस्तेमाल कर रही हैं और किसका क्या स्वार्थ सध रहा है। बड़ा सवाल यह है कि जो आरोप महिला पहलवानों ने लगाए हैं, उनमें कितनी सचाई है। और इसका जवाब दोनों तरफ के दावों-प्रति दावों से नहीं बल्कि जांच-पड़ताल से ही मिलेगा।

# भारत ने बिलावल को दिखाया आईना

MY STORY



आर.के. सिन्हा

**भारत जानता है कि पाकिस्तान के पैरों के नीचे जमीन नहीं है। वह मुंबई हमलों के गुनहगारों को दंड देने के मामले पर बात नहीं करेगा, उसे अपने देश में आतंकवादियों की फैक्टरी को खत्म करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और उसने वहां पर धार्मिक अल्पसंख्यकों की लगातार हो रही हत्याओं पर चर्चा करना भी गवारा नहीं होगा। एस. जयशंकर ने सम्मेलन में पाकिस्तान को साफ बता दिया कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यानी भारत एससीओ सम्मेलन क बहाने अपने अगले-पिछले बदलने लेने के मूड में था। एस.जयशंकर ने तो बिलावल से हाथ तक नहीं मिलाया। मिलाते भी क्यों उस शख्स से जो भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर रहा था। चार मई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के लिए भव्य भोज का आयोजन किया।**

पाकिस्तान के विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी लंबे समय तक भूलेंगे नहीं अपनी हालिया भारत यात्रा को। वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भाग लेने के लिए भारत आए थे। उन्हें उम्मीद थी कि भारत की तरफ से किसी राष्ट्राध्यक्ष की तरह का सम्मान मिलेगा। पर बिलावल भुट्टो को भारत साफतौर पर जताना चाहता था कि भारत उनसे नाराज है क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले न्यूयार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अत्यंत अशोभनीय टिप्पणी की थी। उनकी तब भारत में चौतरफा निंदा भी हुई थी। दरअसल भारत तब ही से उनसे खफा था। बिलावल गोवा में आए। वे चाहते थे कि उनकी भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर से अलग से बात हो जाए। पर भारतीय विदेशमंत्री ने उन्हें घास नहीं दी। भारत जानता है कि पाकिस्तान के पैरों के नीचे जमीन नहीं है। वह मुंबई हमलों के गुनहगारों को दंड देने के मामले पर बात नहीं करेगा, उसे अपने देश में आतंकवादियों की फैक्टरी को खत्म करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और उसने वहां पर धार्मिक अल्पसंख्यकों की लगातार हो रही हत्याओं पर चर्चा करना भी गवारा नहीं होगा। एस. जयशंकर ने सम्मेलन में पाकिस्तान को साफ बता दिया कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यानी भारत एससीओ सम्मेलन क बहाने अपने अगले-पिछले बदलने लेने के मूड में था। एस.जयशंकर ने तो बिलावल से हाथ तक नहीं मिलाया। मिलाते भी क्यों उस शख्स से जो भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर




रहा था। चार मई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के लिए भव्य भोज का आयोजन किया। इसके साथ ही समूह के दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। बेनौलिम में समुद्र के किनारे ताज एक्सोटिका रिसॉर्ट में आयोजित स्वागत समारोह में चीनी विदेश मंत्री छिन कांग, रूस के सर्गेई लावरोव और बिलावल भुट्टो जरदारी, उज्बेकिस्तान के बख्तियार सैदोव, एससीओ महासचिव झांग मिंग वगैरह ने भी भाग लिया। यहां भी हमारे विदेश मंत्री ने बिलावल भुट्टो को नजरअंदाज ही कर दिया। दरअसल, करीब 12 साल बाद किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा है। उनसे पहले हिना रब्बानी खार ने 2011 में शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान की विदेश मंत्री के रूप में भारत की यात्रा की थी। हालांकि एसएसीओ के मंच से कोई द्विपक्षीय मुद्दे नहीं उठाए जाते, पर भारत की तरफ से कतई कोशिश नहीं हुई कि धूर्त पड़ोसी के साथ द्विपक्षीय मुद्दों को सुलझाने की बाबत कोई पहल हो। कारण बहुत साफ है। पाकिस्तान सुधरने का नाम ही नहीं लेता। वहां का अवाम आजकल महंगाई के कारण दाने-दाने को मोहताज है। पर पाकिस्तान नहीं सुधरेगा। पाकिस्तान के नेताओं को मर्यादित भाषा में अपनी बात रखने की तमीज ही नहीं है। पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार में गृह और रेल मंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी भारत और हिन्दू धर्म के खिलाफ जहर उगलते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी हरेक प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप इंसान होने का अंदाजा लग जाता है। वे या तो नवाज शरीफ या शहबाज को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलावल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालात के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो तो ठीक है कि वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर अनावश्यक वार करते हैं। उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं। शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि भारत के सारे मंदिरों की घंटियां बंद हो जाएंगी। घोर अवसरवादी राशिद एक जमाने में जुल्फिकार अली भुट्टो से लेकर नवाज शरीफ के करीबी रहे भी हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया। दरअसल पाकिस्तान के डीएनए में भारत और हिन्दुओं का विरोध करना है। इसलिए भारत के कई कूटनीति के जानकारों को हैरानी नहीं हुई थी जब बिलावल भुट्टो ने बकवास की थी। पर 2014 के बाद भारत की विदेश नीति बदल चुकी है। अब उसके तेवर और फ्लेवर रक्षात्मक नहीं रहे। अब दोस्ती का जवाब गले मिलकर दिया जाता है और कटुता का जवाब उसी कटु जुबान में दिया जाता है। जाहिर है, उसी नीति पर चलते हुए भारत ने बिलावल भुट्टो को घास नहीं डाली। इस बीच, यह भी सच है कि एससीओ सदस्यों के बीच आपसी विवाद भी हैं। उदाहरण के रूप में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चल ही रहा है। पर साथ ही आपसी कारोबार भी जारी है। दोनों मुल्कों का आपसी व्यापार 100 अरब रुपये तक होने को है। आतंकवाद को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद है। भारत बार-बार पाकिस्तान से कहता रहा है कि वह आतंकवाद को खत्म करे। पर पकिस्तान नहीं सुनता। इसलिए वह तेजी से बर्बाद भी हो रहा है। सीमा विवाद किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के बीच भी है। एससीओ के आठ सदस्य देश दुनिया की आबादी का लगभग 42 फीसदी और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 25 फीसदी प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिसे एससीओ देशों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर बढ़ावा दिया जा सकता है। भारत चाहेगा कि वह पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के शेष सदस्यों के साथ मिलकर पर्यटन और बाकी क्षेत्रों में काम करे।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# बिलावल का गोवा दौरा और मायूसी

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की विदेशमंत्री स्तरीय बैठक का गोवा में शुक्रवार को समापन हो गया। भारत की अध्यक्षता और आतिथ्य में चार मई से प्रारंभ हुई इस दो दिवसीय बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भी शामिल हुए। बिलावल का यह दौरा भारत और पाकिस्तान के बीच जारी गतिरोध के बीच हुआ। यहां यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने दिसंबर में ही संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अपने पूर्वाग्रह के साथ भारत विरोधी एजेंडा के तहत जहर उगला था। दरअसल, पाकिस्तान अपनी भ्रमित विदेश नीति के कारण परेशान है। इसी के कारण वह निर्णय नहीं कर पा रहा है कि उसे बेहद शक्तिशाली, वैश्विकनेता की भूमिका वाले अपने परिपक्व पड़ोसी के साथ किस प्रकार के संबंध रखने चाहिए। किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री के रूप में बिलावल का भारत आना 12 वर्ष बाद हुआ। इससे पहले 2011 में तत्कालीन विदेशमंत्री हिना रब्बानी खार शांति वार्ता के लिए भारत आई थीं। सीमापार से पाकिस्तान का राज्य प्रायोजित आतंकवाद, भारत विरोधी रवैया और कश्मीर को लेकर उसकी ह्यनीतिह्न किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में राजनयिक स्तर पर पिछले 12 वर्ष से रुका सिलसिला शुरू अवश्य हुआ लेकिन दोनों पड़ोसी देशों के संदर्भ में इससे कुछ विशेष हासिल होता नहीं दिख रहा। बल्कि माना जा रहा है कि पहले से बिगड़े संबंधों में इससे तल्खी कुछ और बढ़ेगी। बैठक के दौरान औपचारिक फोटो सेशन के दौरान ऐसी स्थिति बन गई जब भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री आमने-सामने थे। इस दौरान भारतीय विदेशमंत्री ने केवल दूर से ही नमस्कार किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री को भी दूर से ही नमस्कार करना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संबंधों में देह भाषा का अपना अलग और बड़ा महत्व होता है। मेजबान भारत ने इससे विश्व समुदाय और विशेषकर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दे दिया है। इस प्रकार भारत में इस मंच पर भी संवाद या रिश्तों में सुधार की कोई संभावना नहीं बनी। एससीओ आठ सदस्यों वाला अंतर सरकारी बहुपक्षीय संगठन है। इस संगठन की स्थापना 15 जून 2001 को संस्थापक सदस्य देश चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के नेताओं द्वारा शंघाई, चीन में की गई थी। उज्बेकिस्तान को छोड़कर ये देश पूर्व से शंघाई फाइव समूह के सदस्य थे, जिसका गठन 26 अप्रैल 1996 को सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य ट्रस्ट को गहरा करने की संधि पर हस्ताक्षर के साथ किया गया था। 2001 में शंघाई में वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान, पांच सदस्य देशों ने पहली बार उज्बेकिस्तान को शामिल किया और इसे शंघाई सिक्स में बदल दिया। 15 जून, 2001 को शंघाई सहयोग संगठन की घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए। जुलाई 2005 में भारत और पाकिस्तान पर्यवेक्षक देशों के रूप में इस समूह में आमंत्रित किए गए बाद में 2017 में अस्ताना शिखर सम्मेलन में दोनों देश एक साथ एससीओ के स्थायी सदस्य बनाए गए। पाकिस्तान के विदेश नीति और कूटनीतिक मामलों से जुड़े राजनयिक आज भी इसे गर्व का विषय मानते हैं कि कैसे उन्होंने भारी संघर्ष के बाद इस संगठन का सदस्य बनने में सफलता प्राप्त की। अब एससीओ में भारत, पाकिस्तान सहित आठ सदस्य देश हैं। एससीओ को नाटो के विकल्प के रूप में देखा जाता है। एससीओ की अध्यक्षता सदस्य देशों द्वारा एक वर्ष के रोटेशन में सौंपी जाती है। वर्तमान में संगठन की अध्यक्षता का दायित्व भारत के पास है। अध्यक्षता कर रहा देश अपने यहां संगठन की बैठकें आदि आयोजित करता है, इसका औपचारिक आमंत्रण सभी देशों को भेजा जाता है। पाकिस्तान को भी इसी दृष्टि से आमंत्रित किया गया था। इसे स्वीकार कर बिलावल गोवा पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रक्षामंत्री स्तरीय बैठक हो चुकी है जिसमें पाकिस्तान की ओर से उनके रक्षामंत्री अनुपस्थित रहे थे। अभी पाकिस्तान दो प्रमुख मोर्चों पर बेहद खराब स्थिति में है। एक उसकी सर्वज्ञात बदहाल हो चली अर्थव्यवस्था, जो लगभग दिवालिया होने की ओर बढ़ रही है, वहीं दूसरे उसकी सरकार की अस्थिर स्थिति। ऐसे में पाकिस्तान की भ्रमित विदेश नीति कभी चीन के बेहद करीब होती है तो कभी अमेरिका से संबंधों का पुराना दर्जा प्राप्त करने के लिए लालायित दिखाई देती है। बिलावल भुट्टो के भारत आने को इस परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता कि पाकिस्तान, अमेरिका सहित दुनिया को दिखाना चाहता है कि भारत से सुलह-समझौते के प्रयास उसकी ओर से किए जा रहे हैं। बदली हुई परिस्थितियों में भारत के अमेरिका और देश के सभी प्रमुख देशों से संबंध के बीच पाकिस्तान अपनी स्थिति सुधारना चाहता है। चीन उसका मित्र है और इसके जरिए पाकिस्तान रूस से नजदीकी बढ़ाने की कोशिश में है। वहीं आगे चलकर न-न करते हुए भी भारत से व्यवसाय-वाणिज्यिक संबंधों की बहाली पर भी उसकी दृष्टि है। ऐसा करने से वह अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को काफी हद तक सुधार सकता है लेकिन यह सब इतना आसान नहीं है। पाकिस्तान में अभी इमरान खान के विरुद्ध बहुदलीय गठबंधन सरकार है जिसे आगे चलकर चुनावों में जाना है। भारत विरोध और कश्मीर राग को पाकिस्तान के राजनीतिक दल वोट दिलाने का फामूर्ला मानते और उसका उपयोग करते हैं। इसलिए अभी संबंध बहाली का राजनीतिक खतरा कोई नहीं लेना चाहेगा। पाकिस्तान की सरकार पर हावी रहने वाली वहां की सेना भी अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के लिए भारत से असुरक्षा और जवाब देने को तैयार वाले फामूर्ले का सहारा लेती रही है।

# Social Media Corner

**सच के हक में...**



ज़िला अवर निबंधक, रांची राहुल चौबे ने पत्रांक-688 द्वारा 17 मई 2016 को कोतवाली थाना, रांची को एफआईआर भेजा कि राजस्व अभिलेख के दस्तावेज-255 के बुक-1,वोल्युम-6 के पेज-133,134 को फाडकर दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई है, पर किसी दबाव से एफआईआर दर्ज नही हुआ। जमीन घोटाला दबा दिया गया जो अब उभरा है।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**



अपनी देशभक्ति रचनाओं के माध्यम से देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की लौ प्रदीप्त करने वाले राष्ट्रगान के रचयिता, महान दार्शनिक व साहित्यकार, विश्व विख्यात कवि व नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की जयंती पर कोटिशः नमन।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**


# झकझोर देती है 'द केरला स्टोरी'

फिल्म 'द केरला स्टोरी' में धर्मांतरण का जो मुद्दा उठाया गया है, वह विषय फिल्म के रूप में तो नया है लेकिन यह मुद्दा बहुत लंबे समय से केरल में हिंदू आबादी को लील रहा है। आखिरकार फिल्मकार सुदीप्तो सेन को लगातार नजरअंदाज किए जा रहे गंभीर विषय पर अपनी चुप्पी तोड़नी पड़ी और उन्होंने इस फिल्म में उस सच को दिखाया है जो कश्मीर फाइल्स की तरह ही भारत का एक सच है। इस्लाम के कट्टरपंथियों ने पुरजोर कोशिश की है कि केरल को इस्लामिक स्टेट में बदल दिया जाए और फिर अपने पूर्वज आक्रमणकारियों की भांति भारत को इस्लामिक देश बनाने के मंसूबों को कामयाब किया जाए। उनकी यह कोशिश सालों की मेहनत के बाद भी उस तरह रंग नहीं ला पा रही हैं जिस तरह द्रुतगति से वे प्रयास कर रहे हैं। भारत की संस्कृति, संस्कार इतने मजबूत हैं कि उसकी नींव को आसानी से खोद कर उसकी जड़ें उखाड़ फेंकना, लोहे के चने चबाने जैसा है। लेकिन लगातार की जा रही साजिशों ने हिंदू आबादी का एक बड़ा हिस्सा धर्मांतरण की आंधी में लील लिया है। लेकिन अब आया है जब भारतवासी अपने और अपने परिवार तक सीमित रहने की बजाए समाज और राष्ट्र के लिए सोचना फिर से शुरू कर रहे हैं और यही वजह है कि अब एक फिल्म के रूप में पूरा देश भारत के खिलाफ चल रही इस साजिश को उजागर होते हुए पर्दे पर देख पा रहा है। फिल्म को आत्मा को झकझोर देने वाले सत्य और तथ्य के साथ तैयार किया गया है कि इसका एक-एक सीन दर्द, प्रताड़ना, अत्याचार, हिंसा, हिंदू और कैथोलिक युवतियों के ब्रेनवाश करने के तौर-तरीकों और इसकी शुरूआत से लेकर अंत तक की कहानी को बखूबी बयां करता है। फिल्मकार ने सीमित समय की बाध्यता के बावजूद हर उस पक्ष को, हर उस समस्या को, हर उस कारण को पर्दे पर पड़ताल करके उतारा है जिसके कारण हिंदू युवतियां धर्मांतरण की शिकार हो रही हैं। तो हमें ये स्वीकार करना चाहिए कि हमारे धर्म के खिलाफ हो रही साजिशों के लिए हम खुद भी जिम्मेदार हैं। फिल्म के संवाद में एक युवती यह कहती भी है अपने पिता से कि आपने मुझे कभी भी आतंकवाद के बारे में नहीं बताया। आतंकवाद बंदूक की नोक पर नहीं आतंकवाद धर्मांतरण के रूप में पूरी दुनिया में तेजी से विकराल रूप ले रहा है। हमें आतंकवाद के इन अलग-अलग स्वरूपों को समझना होगा और जागरूक होना होगा। फिल्मकार ने बड़ी आसानी से ही यह बात समझाने की कोशिश की है कि हिंदू धर्म की उदारवादिता ही हिंदू धर्म के लिए परेशानी का सबब बन रही है। हिंदू परिवार के बच्चे अपने धर्म, संस्कृति के बारे में बेखबर हैं। वे अपने धर्म शास्त्र, ग्रंथों, पुराणों, वेदों की जानकारी से अनभिज्ञ हैं क्योंकि उनके माता-पिता उन्हें सिर्फ स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई, शानदार नौकरी, बढ़िया पैकेज तक सीमित रखते आ रहे हैं। इस बात को जानते हुए भी अनजान रहने का प्रत्यन करते हैं कि समय रहते अपने बच्चों को देश की जड़ों से नहीं जोड़ा, उन्हें अपने अपने धर्म की सुंदरता के बारे नहीं बताया तो क्या घातक परिणाम होंगे। जब देश की धर्म, संस्कृति ही मिट जाएगी तब देश का स्वरूप क्या होगा। हिंदू धर्म हमेशा से उदारवादी रहा और इसी उदारवादी का फायदा दूसरे धर्म के कट्टरपंथी मंसूबों के साथ काम करने वाले लोगों ने उठाया । युवाओं का ब्रेनवाश करने का मुद्दा और भारत की डेमोग्राफिक प्रोफाइल को बदलने का यह सिलसिला लंबे समय से भारत में चल रहा है लेकिन इस फिल्म के आने के बाद लोगों में जागरुकता आएगी की सही गलत क्या है। मुझे लगता है कि यह फिल्म सिर्फ लड़कियों को ही नहीं बल्कि हर आयु वर्ग और हर समुदाय के लोगों को देखनी चाहिए, क्योंकि धर्मांतरण का यह मुद्दा सिर्फ हिंदू धर्म तक सीमित नहीं है।

# गर्मी में सर्दी

मई की शुरूआत में जब पूरा देश लू की चपेट में होता है उस समय जब लोगों को गरम कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगे तो समझ लेना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग के संकट ने दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कहने को यह मौसम पश्चिमी विक्षोभ की देन है लेकिन सवाल यह है कि समुद्र के मिजाज में यह परिवर्तन क्यों आ रहा है। बताया जा रहा है कि दस मई तक किसी भी इलाके में गरम लहरें नहीं महसूस होंगी। तमाम इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि तथा पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हैरत में डाल रही है। कमोबेश देश के अधिकांश भागों में मौसम के मिजाज में यह तीव्र बदलाव महसूस किया गया है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में सुबह धुंध जैसी स्थिति नजर आई है। लोग भले ही इस मौसम को सुहावना बता रहे हों, लेकिन किसान अभी खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह काट नहीं पाये हैं। यदि अन्न बर्बाद होता है तो हमारी खाद्य श्रृंखला भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगी। महंगाई की मार से हमें दो-चार होना पड़ेगा। यही वजह है कि किसान के माथे पर भी चिंता की लकीरें हैं। निस्संदेह, जब मई के महीने में फरवरी-मार्च के मौसम का अहसास होने लगे तो इसे खतरे की घंटी के तौर पर देखा जाना चाहिए। ये हाल उस मौसम में है जब देश के विभिन्न भागों में भीषण गर्मी पड़ती है और तापमान पचास डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचता है। इस समय सूर्य पूरे ताप के साथ नजर आता है। हालांकि, अप्रैल में कुछ समय भरपूर गर्मी रही लेकिन बाद में माह के अंत और मई की शुरूआत में तापमान अचानक बदल गया। यह स्थिति सिर्फ उत्तर भारत में ही हो, ऐसा भी नहीं है। इसका प्रभाव दक्षिणी, पश्चिम, मध्य व पूर्वी भारत में भी नजर आ रहा है। यहां तक कि कई इलाकों में तापमान में दस डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम के मिजाज में आये इस अप्रत्याशित बदलाव को देखकर लोग हैरत में हैं कि क्या वाकई ये मई का महीना है? क्या गर्मी आएगी भी?

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



## सबालेंका ने मैड्रिड ओपन जीता

**मैड्रिड ।** बेलारुस की आर्यना सबालेंका ने पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबलेंका ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वोटेक को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। यह मुकाबला करीब सवा दो घंटे तक चला। इसी के साथ ही सबलेंका ने अपने करियर का 13वां डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब जीता है। अपनी जीत से उत्साहित सबलेंका ने कहा, स्वियाटेक के खिलाफ मुकाबला हमेशा ही कठिन होता है। सबालेंका का यह मैड्रिड मे दूसरा खिताब है। इससे पहले सबलेंका ने यहां 2021 की विश्व नंबर एक खिलाड़ी एशले बार्टी को भी हराया था। सबालेंका ने पहले सेट में चौथे ब्रेक अंक को हासिल कर 5-3 ने बढ़त बनायी। वहीं दूसरे सेट में स्वियाटेक ने 3-0 की बढ़त हासिल कर ली जिससे स्कोर 3-3 हो गया। इसके बाद इस खिलाड़ी ने 5-3 पर अपने ब्रेक अंक के साथह ही दूसरा सेट अपने नाम किया। वहीं तीसरे सेट में सबालेंका ने एक बार फिर 3-0 की बढ़त हासिल कर ली पर स्वियाटेक ने दो गेम जीत कर स्कोर को 3-2 ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट में सबालेंका के शक्तिशाली शॉट के सामने स्वोटेक टिक नहीं पायी और 6-3 से इस सेट को हारने के साथ ही खिताब भी हार गयीं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**



भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इस दौरे में पांच मैचों की एक सीरीज होगी। भारतीय टीम का ये दौरा 18 मई से 27 मई तक चलेगा। इससे भारतीय टीम को चीन में इसी साल होने होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा। इस दौरे में भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम और उसके बाद अंतिम दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ए टीम से खेलेगी। ये सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को होंगे। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलने हैं।

अभी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम आठवें स्थान पर जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम तीसरे नंबर पर है। वहीं चीन में एशियाई खेल इसी साल सितंबर अक्टूबर में होंगे। भारतीय टीम के कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं उन्होंने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हम दुनिया की शीर्ष महिला टीमों के खिलाफ किस हाल में हैं। '' उन्होंने कहा,'' सबसे अहम बात यह है कि यह सीरीज चीन में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों को देखते हुए बेहद अहम रहेगी क्योंकि इससे हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हमें किन विभागों में सुधार और बदलाव करने की जरूरत है। इसलिए यह सीरीज हमारे लिए बेहद अहम होगी।''

संक्षिप्त समाचार



## विराट के अर्धशतक के बाद भी हारी आरसीबी, एंकर की भूमिका पर सवाल उठाये

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 46 गेंदों पर खेली गई 55 रन की शानदार पारी के बाद भी बल्लेबाज विराट कोहली आलोचना का शिकार हुए हैं। इसका कारण ये है कि आरसीबी को इस मैच में करारी हार झेलनी पड़ी। इससे एक बार फिर टी-20 में पारी संवारने वाले बल्लेबाजों एंकर की भूमिका संदेह में घिर गयी है। वहीं दिल्ली की टीम को फिल सॉल्ट की आक्राम अर्धशतकीय पारी से जीत मिली। इस मैच में आरसीबी का मध्यक्रम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाया। ऐसे में कोहली का अंत तक मैदान में जमे रहना सही भले ही लग रहा हो पर इससे टीम 20 रन कम बना पायी अगर ऐसा नहीं होता तो परिणाम कुछ और होता। कोहली ने शुरुआत में धीमा खेला। इससे साफ जाहिर होता है कि टीमों को अगर पावर प्ले में अच्छा स्कोर बनाना है तो उसके बल्लेबाजों को आक्रामक बल्लेबाजी करनी होगी। ऐसे में पारी सवारने वाले बल्लेबाजों की भूमिका कम हो जाती है। दिल्ली के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने भी इस सत्र की शुरुआत में ही टी20 में एंकर की भूमिका पर संदेह जताया था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा था, मेरा मानना है कि अगर आपके पास आक्रामक और अच्छे बल्लेबाज हैं तो वह एंकर की भूमिका निभाने के लिए अपना खेल बदल सकते हैं पर पारी संवारने वाले की भूमिका निभा रहा बल्लेबाज मुश्किल से ही 200 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाएगा।

## आईपीएल नहीं घरेलू क्रिकेट के कारण टीम इंडिया में जगह मिली : बुमराह

**नई दिल्ली ।** फिट नहीं होने के कारण आईपीएल के 16 सत्र में नहीं खेल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि टीम इंडिया में जगह उन्हें मुम्बई इंडियंस के से खेलने के कारण नहीं मिली है। बुमराह का एक वीडियों सोशल मीडिया पर आया है, इसमें उन्होंने बताया है कि वह किस प्रकार से भारतीय टीम में आये। उनका यह वीडियो युवराज सिंह के साथ इंस्टाग्राम पर बातचीत का है। बुमराह ने इस वीडियो में कहा, लोगों को ऐसा लगता है कि मैं टीम इंडिया में आईपीएल से आया हूं पर यह आधारहीन बात है। मैं 2013 से ही आईपीएल खेल रहा हूं। इसमें भी तीन साल तक मुझे कभी दो, कभी चार और 10 मैच ही खेलने को मिले। उन्होंने कहा, मैं आईपीएल में जब लगातार खेल ही नहीं रहा था तो उसके आधार पर मैं भारतीय टीम में कैसे आ सकता हूं। मैंने विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही मुझे रणजी ट्रॉफी में भी विकेट मिले। उसके बाद मुझे टीम इंडिया में स्थान मिला। साल 2016 में टीम इंडिया में जगह मिलने के बाद मुझे लगातार आईपीएल में खेलने का अवसर मिला है। फिर मैं कैसे मान लूं कि आईपीएल से टीम में जगह मिली जबकि आधार तो रणजी ट्रॉफी और घरेलू टूर्नामेंट ही होते है।

# आईपीएल में आज आमने-सामने होंगी केकेआर और पंजाब किंग्स




**कोलकाता ।(एजेंसी)**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा। दोनो ही टीमें अंकतालिका में काफी पीछे हैं और ऐसे में इनका लक्ष्य इस मैच को जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। इस मैच में केकेआर को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा पर जीत के लिए उसके सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि पंजाब की टीम में भी काफी अच्छे खिलाड़ी है और वह किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखती है। पंजाब की अंक तालिका में सातवें जबकि केकेआर आठवें स्थान पर है। पंजाब को पिछले मुकाबले में मुम्बई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था जिसे भूलकर उसे इस मैच में उतरना होगा। पंजाब के कप्तान शिखर धवन का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा रहा है पर उनकी टीम के अन्य बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। वहीं केकेआर के कप्तान नितीश राणा ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल की है। अब उनका लक्ष्य बचे हुए सभी मैच जीतना रहेगा।

केकेआर को अब तक विफल रहे ऑल राउंडर आंद्रे रसेल और सुनील नारायण की जगह अन्य खिलाड़ियों को शामिल करना चाहिये। नारायण अभी तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी में कोई योगदान नहीं कर पाये हैं। रसेल ने पिछले 10 मैचों में 8.76 की इकोनामी रेट से केवल सात विकेट लिए हैं और आठ पारियों में केवल 14 रन बनाए हैं। वहीं नारायण की जगह केकेआर को जैसे तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और ऑल राउंडर डेविड वीज में से किसी को रखना चाहिये। केकेआर की ओर से अब तक स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी भूमिका निभायी है। ऐसे में टीम के लिए नारायण की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में रखना आसान रहेगा। वहीं रसेल को बल्लेबाजी के लिए ऊपरी क्रम में भेजना चाहिए क्योंकि उन्हें इससे आक्रामक बल्लेबाजी के लिए समय मिलेगा। रसेल ने अब तक 148 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 166 रन बनाए हैं।

केकेआर के लिए एक सकारात्मक पक्ष ये है कि उसके अपने बाकी बचे चार में से तीन मैच ईडन गार्डंस पर खेलने हैं और ऐसे में उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में केकेआर ने जिस तरह से एक इकाई के तौर पर खेला था वैसा ही प्रदर्शन उसे जीत के लिए करना होगा। वहीं दूसरी ओर धवन की पंजाब के पास नाथन एलिस, सैम कुरेन और अर्शदीप सिंह जैसे अच्छे गेंदबाज हैं पर उसे बल्लेबाजी अच्छी करनी होगी।

उसके गेंदबाजों को और प्रयास करने होंगे। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में टीम अपने 214 रन के स्कोर का भी बचाव नहीं कर पायी थी और उसे हार का सामना करना पड़ा था।

पंजाब की बल्लेबाजी लियाम लिविंगस्टोन, शिखर धवन और विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों पर आधारित है अब देखना है कि केकेआर के गेंदबाज उसपर कितना अंकुश लगा पाते हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**कोलकाता नाइट राइडर्स-** नीतीश राणा (कप्तान), जेसन रॉय, रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लोकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, मनदीप सिंह और आर्या देसाई।

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन(कप्तान), शाहरुख खान, मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, भानुका राजपक्षे, जितेश शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, नाथन एलिस, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, सैम कुरेन, सिकंदर रजा, हरप्रीत भाटिया, विद्वाथ कावेरप्पा, मोहित राठी, शिवम सिंह। मैच शुरू- शाम

# आरसीबी की प्लेऑफ की राह हुई मुश्किल , जीतने होंगे बचे हुए सभी मैच

### ऑरेंज कैप की दौड़ में डु प्लेसिस, पर्पल कैप की दौड़ में तुषार शीर्ष पर

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली हार के साथ ही रॉयल चॅलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कम हो गयी हैं। आरसीबी अब 10 में से पांच जीत और पांच हार के साथ ही अंक तालिका में पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। पिछले पांच मुकाबलों में उसे दो में हार मिली है। अब उसे अपनी उम्मीदें बनाये रखने के लिए बचे हुए सभी चार मैचों को जीतना होगा। आरसीबी को प्लेऑफ में अपनी उम्मीदे बनाये रखने के लिए मुंबई, राजस्थान, हैदराबाद और गुजरात पर जीत दर्ज करनी होगी। वहीं गुजरात टाइटंस 10 में से सात मुकाबले जीतकर अभी अंक तालिका में पहले नंबर पर बरकरार है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स 11 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ ही दूसरे व लखनऊ और राजस्थान तीसरे और चौथे स्थान पर बनी हुई है। वहीं सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप पर आरसीबी के फाफ डु प्लेसिस की दावेदारी बनी हुई है। डु प्लेसिस ने दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में 45 रन बनाए। ऐसे में अब डु प्लेसिस के 10 मैचों में 467 रन हो गए हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे बनी हुई है।

इसके अलावा आरसीबी के विराट कोहली भी ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पांच खिलाड़ियों में बने हुए हैं। विराट के नाम 10 मैचों में 376 रन है। वहीं सबसे अधिक विकेट लेने पर मिलने वाली पर्पल कैप के लिए सीएसके के युवा तुषार देशपांडे ने अपना दावा किया है। तुषार ने अब तक 11 मैचों में 19 विकेट लिए हैं और वह सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में नंबर एक पर बने हुए हैं।



## रियाल मैड्रिड ने कोपा डेल रे खिताब जीता

**सेविले ।** रियाल मैड्रिड ने रोड्रिगो के दो गोल की सहायता से ओसासुना को फाइनल में 2-1 से हराकर नौ साल बाद कोपा डेल रे फुटबॉल खिताब जीता है। इस मैच में रियाल की ओर से रोड्रिगो ने शुरुआत में ही वीनीसीयस जूनियर के पास पर गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। वहीं मैच के 58वें मिनट में लुकास टोरो ने एक गोल कर अपनी टीम को बरबारी पर ला दिया। इसके बाद रोड्रिगो ने 70वें मिनट में रियाल की ओर से एक और गोल कर स्कोर अपनी टीम को फिर बढ़त दिला दी। उसके बाद ये बढ़त अंत तक कायम रही। मैड्रिड में इससे पहले साल 2014 में कोपा डेल रे का खिताब जीता था।



## विराट आईपीएल में सात हजार रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

### परिवार कोच और प्रशंसकों के सहयोग के लिए आभार जताया


**नई दिल्ली ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल में 7 हजार रन बनाने का आंकड़ा पार कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में विराट ने यह उपलब्धि अपने नाम की। विराट ने इस मैच में 12 रन बनाते ही अपने सात हजार रन पूरे कर लिए। आईपीएल में सात हजार रन बनाने वाले वह पहले बल्लेबाज हैं। विराट ने इसपर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके लिए एक अहम उपलब्धि है। विराट ने कहा कि यहां तक पहुंचना उनके लिए एक खास पल है। इसमें उन्हें परिवार पत्नी अनुष्का के अलावा कोच और प्रशंसकों के साथ ही चयनकर्ताओं का भी साथ मिला जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। विराट ने कहा कि मुझे कृतज्ञता के सिवा कुछ नहीं लगता, भगवान ने मुझे ऐसी अद्भुत सफलताएं दी हैं , मैं केवल झुक सकता हूं। मैंने हमेशा पहले दिन से ही कहा है, अनुष्का का मेरे साथ दौरों पर होना मेरे लिए सबसे अहम बात है। मेरे लिए परिवार का समय किसी और चीज से ज्यादा अहम है। मैं अभी बाहर आता हूं और अपने क्रिकेट का आनंद उठाता हूं, क्रिकेट मेरे जीवन का हिस्सा है। विराट ने कहा- जब अनुष्का जब स्टेडियम में मुझे खेलते हुए देखने आती हैं तो बहुत अच्छा लगता है। मेरे भाई और बहन यहां हैं और उनका परिवार भी यहां है। यह अविश्वसनीय था। विराट ने इससे पहले आईपीएल में 232 मैचों की 224 पारियों में 33 बार नाबाद रहते हुए 6988 रन बनाए थे। उन्होंने 5 शतक और 49 अर्धशतक इस टूर्नामेंट में लगाये हैं।

# डु प्लेसिस ने बताया कुछ खराब गेंदें बनी हार का कारण

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल लीग मुकाबले में मिली हार से निराश रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा है कि कुछ खराब गेंदें फेंकने के कारण उनकी टीम मैच से बाहर हुई। डु प्लेसिस ने कहा, मुझे लगा था कि 185 का स्कोर अच्छा है पर ओस ने स्पिनरों को खेलना आसान बना दिया। इससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। इसके अलावा दिल्ली के बल्लेबाजों ने भी अच्छी बल्लेबाजी कर मैच हमसे छीन लिया। साथ ही कहा कि सभी लोग स्पिनरों पर भरोसा करते हैं पर ओस को देखते हुए सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने की जरूरत होती है। कुछ खराब गेंदें फेंकने और कुछ गलतियां करने से हम मुकाबले से बाहर हो गए। इस मैच में दिल्ली ने अच्छी बल्लेबाजी की। फाफ ने कहा, हमें अंत में और प्रयास करना चाहिये था। हमें पहले लगा जैसे 185 का स्कोर ठीक है पर हमें वहां एक बड़े ओवर की जरूरत थी जिससे कि हम 200 के स्कोर पर पहुंच पाते। अगर ऐसा होता तो इससे फर्क पड़ता। चौथे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया। महिपाललोमरोर ने भी पांचवें नंबर पर अच्छा खेला। यहां की पिच धीमी रहती है। अगर आप पहले 6 ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो आप शीर्ष पर पहुंच सकते हैं। इस मैच में दिल्ली ने फिलिप सॉल्ट के 87 रनों की सहायता से 7 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। वहीं आरसीबी ने विराट कोहली, लोमरोर के अर्धशतकों से चार विकेट पर 181 रन बनाए थे।

दिल्ली ने कप्तान डेविड वॉर्नर, मिशेल मार्श और रौसौव वह सॉल्ट की शानदार अर्धशतकीय पारी से जीत दर्ज की। इस हार से आरसीबी अब पांचवे नंबर पर खिसक गयी है। ऐसे में उसे प्लेऑफ के लिए बचे हुए सभी तीनों मैच जीतने होंगे।



## पाथिराना शानदार गेंदबाज पर उन्हें केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही रखे श्रीलंका : धोनी



**चेन्नई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मुम्बई इंडियंस टीम के खिलाफ मिली जीत के बाद श्रीलंकाई टीम के युवा तेज गेंदबाज मथीश पथिराना की जमकर प्रशंसा की है। पथिराना ने मुम्बई के खिलाफ मैच में सीएसके की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। धोनी ने कहा कि पथिराना एक शानदार प्रतिभा है पर उन्हें सभी प्रारुपों विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में शामिल नहीं किया जाना चाहिये। पथिराना पूर्व श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा की तरह एक्शन वाले गेंदबाज हैं। इस युवा गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार ओवर में ही 15 रन देकर तीन विकेट लिए थे। धोनी ने कहा कि 'स्लिंग एक्शन वाले गेंदबाजों को चोटिल होने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए पाथिराना को सभी प्रारुपों में उतारने से बचा जाना चाहिये। धोनी ने कहा, जिन गेंदबाजों का एक्शन मुश्किल होता है बल्लेबाजों के लिए उनकी गेंदों को खेलना कठिन होता है। पथिराना की निरंतरता और तेजी उसे विशेष बनाती है। मुझे लगता है कि उसे टेस्ट क्रिकेट में शामिल नहीं करना चाहिये। उसे केवल आईसीसी टूर्नामेंट में ही शामिल करना चाहिये। अभी वह युवा है और वह श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए काफी अहम साबित होगा। सीएसके और मुम्बई के बीच हुए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियंस ने आठ विकेट पर 139 रन बनाये। इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स ने 17.4 ओवर में ही 140 बना कर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## टेनिस स्टार राडुकानू अगले कुछ महीनों के लिए टेनिस कोर्ट से दूर हुईं



**लंदन ।** ब्रिटेन की टेनिस स्टार एमा राडुकानू सर्जरी के कारण अगले कुछ महीनों के लिए टेनिस कोर्ट से दूर रहेंगी। एमा के हाथों और टखने की सर्जरी हुई है, जिसे ठीक होने में अभी समय लगेगा। ऐसे में वह इस साल होने वाले विंबलडन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाएंगी। एमा ने इंस्टाग्राम पर सर्जरी के बाद की एक तस्वीर भी साझा की है। 20 साल की राडुकानू ने अस्पताल की एक तस्वीर पोस्ट की और अपने 2.5 लाखों इंस्टाग्राम फॉलोअर्स से कहा, पिछले 10 महीने मेरे लिए बेहद कठिन रहे हैं क्योंकि मैं दोनों हाथों की हड्डी पर बार-बार लगने वाली चोट से परेशान रही हूं। राडुकानू ने लिखा, मैंने दर्द को प्रबंधित करने और इस वर्ष के अधिकांश समय और पिछले साल के अंत तक अभ्यास के दौरान पड़ने वाले दबावा को कम करने, प्रशिक्षण के लापता सप्ताहों के साथ-साथ पिछले सत्र को कम करने की कोशिश की थी पर चोट ठीक नहीं हो पाई। अब मैं इन मुद्दों को हल करने के लिए दोनों हाथों की एक मामूली प्रक्रिया से गुजर रही हूं। राडुकानू ने लिखा, मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले कुछ महीनों के लिए बाहर रहूंगी। यह हालांकि मेरे लिए निराशाजनक है। मैं गर्मियों को याद करूंगी। साथ ही अपने सभी प्रशंसकों को सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं।



## ईद 2024 को सिनेमाघरों में धमाका करेगी
# अक्षय -टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां

बॉलीवुड के दो एक्शन स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में साथ नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करने जा रहे हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने जा रही है। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है। अक्षय ने फिल्म का एक धमाकेदार पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में अक्षय और टाइगर श्रॉफ एक्शन मोड़ में नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, मिलते हैं ईद 2024 को सिनेमाघरों में। बड़े मियां छोटे मिया। बता दें कि बीते कई सालों से ईद पर सलमान खान का कब्जा रहा है। इस साल भी ईद के मौके पर सलमान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान रिलीज हुई थी। लेकिन ईद 2024 को अक्षय कुमार ने पहले ही बुक कर दिया है। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय और टाइगर के अलावा साउथ के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम रोल में नजर आएंगे। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित एएजेड फिल्म के सहयोग से बड़े मियां छोटे मियां, जिसे वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया हैं।



## हंसिका ने फीमेल सेंट्रिक फिल्म मैन की चेन्नई में शूटिंग पूरी की

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने निर्देशक ईगोर की तमिल फिल्म मैन की शूटिंग का आखिरी शिड्यूल चेन्नई में पूरा किया। यह एक थ्रिलर फिल्म है जो महिलाओं के प्रति हिंसा और उनकी मुश्किलों के बारे में है। फिल्म में हंसिका ने फैशन डिजाइर की भूमिका निभाई है – एक मजबूत, स्वावलंबी और सशक्त महिला। फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर मोटवानी ने कहा, अब जब मैन की शूटिंग खत्म हो गई है, मैं कहूंगी कि यह यात्रा आसान नहीं थी। इस फिल्म में मेरे कैरेक्टर के कई लेयर हैं और इतनी मजबूत महिला का किरदार निभाकर काफी अनुभव मिला। मैं निर्मला के रूप में दर्शकों के सामने आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। वाकई यह फिल्म मेरे लिए काफी खास है। इस फिल्म की पूरी शूटिंग चेन्नई, पोलाची और मदुरई में हुई है। आरी अर्जुन भी हैं जो खलनायक की भूमिका में हैं। इनके अलावा जजनी दुर्गा और सौमिका भी फिल्म में दिखेंगी। इसका संगीत गिब्रान ने दिया है जबकि कैमरा वर्क मणि का है।

## मैदान की रिलीज डेट में फिर बदलाव की खबर

पिछले तीन साल से प्रदर्शन की बाट जोह रही निर्देशक अमित शर्मा की अजय देवगन अभिनीत मैदान की प्रदर्शन तिथि में इतनी बार बदलाव हो चुका है कि अब दर्शकों को लगने लगा है कि यह फिल्म कभी

फिल्म फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की जिंदगी पर आधारित है। सैयद अब्दुल रहीम 1950 से 1963 तक भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ जुड़े रहे। फिल्म में अजय देवगन फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं के साथ-साथ अजय देवगन को भी अपनी इस फिल्म की सफलता पर भरोसा है। उनकी पिछली प्रदर्शित फिल्म भोला, जिसका निर्देशन भी उन्होंने किया था, बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पायी है। यह स्थिति तब है जब उनकी भोला से पहले प्रदर्शित हुई फिल्म दृश्यम-2 ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। एक्शन से लबरेज भोला को दर्शकों अस्वीकार कर दिया। मैदान को लेकर अब जो हवाएँ सिने गलियारों में बह रही हैं उनके अनुसार अब यह फिल्म 23 जून को प्रदर्शित न होकर 7 सितम्बर गुरुवार को सिनेमाघरों में आएगी।



से इस बात की कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है। गौरतलब है कि सबसे पहले यह फिल्म 11 दिसंबर, 2020 को प्रदर्शित होने वाली थी, जिसे बढ़ाकर 13 अगस्त, 2021 किया गया था। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए ट्वीट किया, 2021 स्वतंत्रता सप्ताह। एक अनकही कहानी जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। 13 अगस्त, तारीख को चिह्नित करें। इसके बाद फिर इसकी प्रदर्शन तिथि में बदलाव हुआ। अजय ने फिल्म का पहला लुक साझा किया और उन्होंने लिखा, ये कहानी है भारतीय फुटबॉल के सुनहरे चरण और उसके सबसे बड़े और सफल कोच की। 3 जून 2022 को सिनेमाघरों में। प्रदर्शन तिथि के बदलावों के दौर में मैदान को 23 जून, 2023 को प्रदर्शित करने की घोषणा की गई, जिसमें भी अब बदलाव के समाचार हैं। मैदान को 7 सितंबर को रिलीज करने को लेकर कयासबाजी हो रही है कि इस तारीख को जन्माष्टमी है जिसका फायदा फिल्म को मिलेगा। वहीं, 7 सितंबर को गुरुवार होने के चलते फिल्म को वीकेंड पर एक दिन अधिक मिलेगा जो फिल्म की कमाई को बढ़ाएगा। इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि 23 जून को मैदान का प्रदर्शन होने से उसका टकराव ओम राउत की आदिपुरुष से होगा जो 16 जून को प्रदर्शित हो रही है। अमित रवींद्रनाथ शर्मा द्वारा निर्देशित, मैदान भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच और प्रबंधक सैयद अब्दुल रहीम से प्रेरित एक जीवनी खेल ड्रामा है, जिन्हें भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार माना जाता है।

## कटहल की रिलीज से पहले सान्या ने खरीदा नया घर



बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म कटहल को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाली हैं। वहीं कटहल की रिलीज से पहले सान्या ने एक नया घर खरीदा है। सान्या मल्होत्रा ने अपने और अपने परिवार के लिए गुड़गांव, दिल्ली में एक 4 बीएचके घर खरीदा है। यहां वह अपने व्यस्त कार्यक्रम से दूर जब भी मौका मिलता है, समय बिताने की योजना बनाती है। अभिनेत्री ने इस शुभ शुरुआत का पल अपने सोशल मीडिया पर साझा किया। सान्या ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह गृह प्रवेश की रस्में करती नजर आ रही हैं। व्हाइट साड़ी पहने सान्या अपने सिर पर एक मटका रखे नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा, नया घर।



## बतौर अभिनेता हमारे पास वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं - रिद्धि डोगरा

टीवी, वेब सीरीज, फिल्मों और म्यूजिक वीडियो में काम कर चुकीं एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा ने कलाकारों के विभिन्न माध्यमों के आधार पर वर्गीकृत किए जाने पर बात की। रिद्धि ने कहा- एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि हमारे पास केवल वही सीमाएं हैं जो हम खुद पर सेट करते हैं। लोग सिर्फ एक-दूसरे को लेबल और अपनी अवधारणाओं में रखना चाहते हैं क्योंकि इससे उन्हें चीजों को आसान बनाने में मदद मिलती है लेकिन सच्चाई यह है कि अभिनय और रचनात्मकता को बांधकर नहीं रखा जा सकता। एक अभिनेता के रूप में, मैं किसी विशेष माध्यम से संबंधित नहीं हूं। मेरे लिए, असली जीत यह होगी कि मैं किसी भी माध्यम में उस क्षमता में योगदान करने में सक्षम हूं जिसकी प्रोजेक्ट को आवश्यकता हो। टीवी एक्टर या ओटीटी एक्टर कहलाने में कुछ भी गलत नहीं है, मुझे लगता है कि यह हमारी क्षमता के लिए बहुत ही सीमित है। प्रतिभा उन्हें परिभाषित करती है न कि उनके माध्यम को। वर्क फंट की बात करें तो, रिद्धि अपकमिंग फिल्म जवान और टाइगर 3 के साथ बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज असुर 2 और बरुण सोबती के साथ एक अनटाइटल रोमांटिक वेब शो में दिखाई देंगी।



## अनिल कपूर-स्टारर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर पार्ट 2

अनिल कपूर-स्टारर ओटीटी सीरीज द नाइट मैनेजर के पार्ट 2 की रिलीज का ऐलान हो गया है। पार्ट 2, 30 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज में अनिल कपूर एक हथियार डीलर की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आदित्य रॉय कपूर एक अंतर्राष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी जुटाने के लिए सरकार द्वारा चयन किए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। दर्शक पार्ट 2 देखने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अनिल कपूर ने सीरीज के बारे में बात करते हुए कहा, द नाइट मैनेजर के लिए हमारे फैंस ने जो प्यार और समर्थन दिखाया है, मैं उससे अभिभूत हूं। उनके उत्साह ने हमें कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। शैली ( शो में मेरा किरदार ) अपने सबसे अच्छे रूप में नजर आएगा। वेब सीरीज का निर्माण और निर्देशन संदीप मोदी और दूसरी निर्देशक प्रियंका घोष ने किया है। वहीं आदित्य रॉय कपूर ने कहा, पहले भाग की सफलता वास्तव में सुखद रही है, और हम दर्शकों के लिए उत्साहित हैं कि शैली और शान की यात्रा में आगे क्या है। सीरीज में ट्विस्ट, थ्रिल और टेंशन सभी टकराएंगे। द इंक फैक्ट्री और बनिजय एशिया द्वारा निर्मित, द नाइट मैनेजर -पार्ट 2 30 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।



## प्रेग्नेंसी में उड़ी इलियाना की रातों की नींद

बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। इसके बाद से ही फैंस यह जानने के लिए बेकरार है कि होने वाले बच्चे का पिता कौन हैं, क्योंकि इलियाना की अभी शादी नहीं हुई है। इलियाना ने भले ही बच्चे के पिता का खुलासा नहीं किया हो, लेकिन वह अपनी प्रेग्नेंसी जर्नी की झलकियां फैंस के साथ जरूर शेयर कर रही हैं। हाल ही में इलियाना डिक्रूज ने अपनी एक तस्वीर शेयर करके हुए बेबी किक्स के अनुभव पर बात की है। इस तस्वीर में वह अपने बिस्टर पर लेटी हुई नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिख रहा है। तस्वीर के साथ इलियाना ने लिखा, जब आप कुछ नींद लेना चाहते हैं, लेकिन बेबी आपके पेट में डांस पार्टी करने का फैसला करता है। खबरों के अनुसार इलियाना इस समय कैटरीना कैफ के भाई सेबेस्टियन लॉरेंट को डेट कर रही हैं और दोनों को कई बार साथ में देखा भी जा चुका है। इसके पहले इलियाना ने लंबे समय तक फोटोग्राफर एंड्रू नीबोन को डेट किया था, लेकिन बाद में दोनों में ब्रेकअप हो गया।



## बेकाबू के सेट पर शालीन भनोट के साथ हुआ हादसा

मशहूर टीवी एक्टर शालीन भनोट को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर उनके फैंस चिंतित हो जाएंगे। हाल ही में टीवी शो बेकाबू के सेट पर शालीन भनोट के साथ हादसा हो गया। शूटिंग के दौरान बैलेंस बिगड़ने के कारण शालीन भनोट नीचे गिर गए और उन्हें कुछ चोटें लग गईं। इस हादसे का वीडियो एक्टर ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। शालीन भनोट ने अपने वीडियो में बताया कि जिंदगी में सारी चीजें हमारी मर्जी से नहीं होती। इसके बाद भी हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए। जिंदगी में ना हमेशा हर चीज हमारे मुताबिक नहीं चलती है। कई बार चीजें गलत दिशा में जाती हैं और आपको चोट भी लगती है। लेकिन अपना शो हमेशा जारी रहना चाहिए। आप करते रहो जो आपको पसंद है। मेरा पैशन भी मेरे दर्द से ज्यादा बड़ा है। शालीन भनोट का यह वीडियो देख उनके फैंस चिंता में पड़ गए और कमेंट कर उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ करते नजर आए। बता दें, एक्टर शालीन भनोट इन दिनों बेकाबू में नजर आ रहे हैं। सीरियल में वह अपने किरदार से लोगों का खूब दिल जीत रहे हैं। इसमें ईशा सिंह के साथ उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि शालीन भनोट एक्ट्रेस ईशा सिंह के साथ नच बलिए 10 में नजर आ सकते हैं।